वर्ष 24, अंक 214, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 12 फरवरी 2026

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 9 लाख करोड़ का सबसे बड़ा बजट, शिक्षा पर 12% तो चिकित्सा पर 6% होगा खर्च,

## मेधावी छात्राओं को स्कूटी, नई टाउनशिप के लिए 3500 करोड़

**नई दिल्ली। उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने बुधवार को अपने दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश किया। ये बजट योगी सरकार का 10वां बजट है। विधानसभा में सुबह 11 बजे सुरेश खन्ना ने बतौर वित्त मंत्री बजट पेश किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, "पिछले 9 साल में उत्तर प्रदेश ने अपनी धारणा बदलने के प्रयास किए हैं... ये बजट उन्हीं भावों का प्रतिनिधित्व करता है। 9 साल में 3 गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है। यह बजट थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान और हर हाथ को काम के लिए समर्पित है। यह बजट 9 वर्ष के नव निर्माण के एक नई गाथा को देशवासियों के सामने प्रस्तुत करता है। उन?होंने कहा, "ये पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 10वां बजट पेश करने का अवसर प्राप्त हुआ है।"

**नई टाउनशिप के लिए बजट में 3500 करोड़ रुपए का प्रावधान**

आवास एवं शहरी नियोजन हेतु 7,705 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना हेतु 3,500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

इस योजना के अन्तर्गत मेरठ में 35 वर्ष, आगरा में 33 वर्ष, लखनऊ में 22 वर्षों बाद नयी आवासीय योजना तथा बुन्देलशहर में प्रथम बार औद्योगिक योजना लांच की गयी है।

**ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के लिये 65,926 करोड़**

ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के लिये 65,926 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्ष 2025-2026 के मुकाबले 8 प्रतिशत अधिक है।

उत्तर प्रदेश में पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वर्ष 2016-2017 में 17,890 मेगावॉट थी उसे 2025-2026 में 82 प्रतिशत बढ़ाकर वर्तमान में 32,500 मेगावॉट किया गया है।

**नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति के लिए 22,676 करोड़ रुपए**

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति हेतु लगभग 22,676 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाये रखने एवं उसमें दूषित जल का उत्प्रवाह रोकने के लिये सीवरेज संबंधी कुल 74 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

अब तक 41 परियोजनाएं पूर्ण कर संचालित की जा रही हैं तथा शेष परियोजनाएं निमार्णाधीन है।

**यूपी में सड़कों और फ्लाईओवर के बिछेगा जाल**

सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण, चौड़ीकरण एवं अनुरक्षण हेतु 34,468 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

प्रदेश में नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के विकास हेतु मार्गों के चौडीकरण/सुदृढ़ीकरण /निर्माण हेतु 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

प्रदेश में सेतुओं हेतु 4,808 करोड़ रुपए एवं रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण हेतु 1,700 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।



- **गंगा एक्सप्रेस वे को बिहार तक ले जाने की व्यवस्था- सीएम योगी**
- **यूपी को भविष्य की डिजिटल इकॉनमी से जोड़ने की तैयारी- सीएम योगी**
- **यूपी में पचास लाख करोड़ रुपये के निवेश आएंगें- सीएम योगी**
- **अब तक का सबसे बड़ा बजट, 9 लाख 12 हजार करोड़ का है बजट- सीएम योगी**
- **9 साल में तीन गुना से अधिक यूपी का बजट बढ़ा- सीएम योगी**
- **नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति के लिए 22,676 करोड़ रुपये प्रस्तावित**
- **शहरों के बाईपास एवं रिंगरोड तथा चौराहों के विकास के लिए भी करोड़ों रुपये प्रस्तावित**

## 'अच्छे दिन की उम्मीदों पर पानी फिर गया' - मायावती



**उत्तर प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 9.13 लाख करोड़ रुपये का बजट आज बुधवार (11 फरवरी) को पेश किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब 12.2 प्रतिशत अधिक है. वहीं योगी सरकार के इस बजट पर बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की प्रतिक्रिया सामने आई है.

बसपा चीफ मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-"उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज पेश किया गया सन 2026-27 का बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं प्रदेश में सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है. फिर भी जो घोषणाएं व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास

उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज पेश किया गया सन 2026-27 का बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं प्रदेश में सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है। फिर भी जो घोषणायें व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास किया गया है उसकी सही से समयबद्ध तरीके से अमल वहीं पूर्व सीएम मायावती ने कहा- "पिछले वर्ष के बजट का जमीनी क्रियान्वयनों का सही डाटा देकर बजट भाषण की परम्परा को वाकई में ठोस व विश्वसनीय बनाया जाता तो यह उचित होता, जबकि वर्तमान बजट भी अखबारों की सुर्खी बटोरने वाला ज्यादा प्रतीत होता है।

## इनकी विदाई अब तय है- अखिलेश



**उत्तर प्रदेश**

**वित्त वर्ष** 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का बजट आकार, सोच और संकेत तीनों स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक संदेश देता दिखा है। करीब 9.13 लाख करोड़ रुपये का यह बजट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट है, ऐसे में इसकी राजनीतिक अहमियत भी साफ है क्योंकि अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। योगी सरकार ने इस बजट को सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान, हर हाथ को काम और तकनीक आधारित समृद्धि की थीम से जोड़ा है। हम आपको बता दें कि नई योजनाओं के लिए 43,565 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान और पूंजीगत व्यय पर दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का जोर इस बात का संकेत है कि सरकार सड़क, सेतु, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और डिजिटल ढांचे पर आक्रामक निवेश जारी रखना चाहती है। पूंजीगत व्यय को रोजगार सृजन का इंजन मानते हुए यूपी सरकार का दावा है कि इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, उद्योग और पुलिस सुदृढ़ीकरण पर बड़े प्रावधान गिनाए। चिकित्सा शिक्षा, नए मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान योजना, ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, स्मार्ट स्कूल, युवा सशक्तिकरण के तहत टैबलेट और स्मार्टफोन, एमएसएमई प्रोत्साहन, डिफेंस इंडस्ट्रियल कोरिडोर, एआई मिशन और डाटा सेंटर जैसे कदम विकास को बहु आयामी दिशा देने की कोशिश दिखाते हैं।

, संस्कृति और तीर्थ विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सुरेश खन्?ना ने बताया कि उप्र श्री नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 100 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। इसके अलावा विंध्यवासिनी धाम तथा वाराणसी में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए 100-100 करोड़ रुपये की व?यवस?था की गई है।

# निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर दिया जवाब





**नई दिल्ली**

**संसद** का बजट सत्र जारी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भू-राजनीतिक संघर्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अमेरिका के सामने मौजूद चुनौतियों पर भाषण दिया। उनका यह भाषण ऐसे समय आया है जब पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का जिक्र करने के बाद विपक्ष द्वारा उन्हें बोलने न दिए जाने के विरोध में कई दिनों से प्रदर्शन जारी है। राज्यसभा में भी बजट पर चर्चा हुई। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस में कमियां पाई गईं थी, जिसके बाद खुद बिरला ने इसमें सुधार करवा के कार्यवाही करने का निर्देश अपने सचिवालय को दिया। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

लोकसभा की कार्यवाही

केंद्रीय बजट 2026-27 पर लोकसभा में हुई सामान्य चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने जवाब दिया। निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने कहा है कि शिक्षा पूरी करने और योग्यता हासिल करने के बाद कौशल सीखने के लिए कहां जाना चाहिए, इस पर इंतजार करने के बजाय, कौशल विकास को शिक्षा में ही शामिल किया जा सकता है। इससे छात्र यह कह सकेंगे कि वे उद्यमी बन सकते हैं और इस तरह का एक विशाल केंद्र किसी भी राज्य के औद्योगिक क्लस्टर के पास स्थापित किया जा सकता है। इस प्रकार, शिक्षा केंद्रों के रूप में ऐसे विशाल उद्यमिता विकास केंद्र किसी भी राज्य में स्थापित किए जा सकते हैं। हम राज्यों के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं ताकि इस विशाल उच्च शिक्षा केंद्र को बढ़ावा दिया जा सके और छात्र वहां जाकर उद्यमी बन सकें। यह बजट 21वीं सदी की दूसरी तिमाही का पहला बजट है। इसीलिए इसमें 2026 से 2050 तक के कई विषयों को शामिल किया गया है। हम अगले वित्त आयोग, यानी 16वें वित्त आयोग के नए पंचवर्षीय चक्र की भी शुरूआत कर रहे हैं, जो 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा। इसलिए, अनुमान काफी हद तक वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित हैं।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि बजट तैयार करने से पहले मुझसे मिलने वाले राज्यों के वित्त मंत्रियों की सिफारिश पर - जो कि एक सामान्य प्रक्रिया है, क्योंकि मैं हर बजट से पहले राज्य के वित्त मंत्रियों से मिलती हूं - और उनकी सिफारिश को स्वीकार करते हुए, हम जो पूंजीगत व्यय सहायता प्रदान करते हैं, जो कि 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण है, अंततः अनुदान के बराबर होगा। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 4.3% आंका गया है। बेशक, कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि यह राजकोषीय सुदृढ़ीकरण व्यय को सीमित करके हासिल किया गया है। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि यह व्यय को सीमित करके नहीं किया गया है, और मैं इस पर थोड़ा बाद में विस्तार से चर्चा करूंगा। हम पर अक्सर वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित 41% राज्यों को हस्तांतरित न करने का आरोप लगाया जाता है–कि भारत सरकार को राज्यों को साझा करने योग्य करों का 41% हस्तांतरित करना चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह बराबरी की शर्त पर नहीं किया गया और सरकार को शर्म आनी चाहिए कि उसने भारत माता को बेच दिया है। उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए दावा किया कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया, जैसा आज से पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया।

## कोर्ट नहीं पहुंचे पावरस्टार पवन सिंह



**बिहार**

**पावरस्टार** पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच तलाक को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है. कई बार ये दोनों कोर्ट भी पहुंचे हैं लेकिन अभी तक सुलह नहीं हो सका है. तलाक से जुड़े केस में ज्योति सिंह एक बार फिर बुधवार (11 फरवरी, 2026) को आरा सिविल कोर्ट स्थित कुटुंब न्यायालय पहुंचीं. हालांकि पवन सिंह कोर्ट नहीं पहुंचे.

कोर्ट से भावुक होकर निकलीं ज्योति सिंह

पवन सिंह के वकील ने बताया कि वो अस्पताल में भर्ती हैं. अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी. इधर, जज के सामने आज (बुधवार) ज्योति सिंह ने कहा कि "मैं तलाक की अर्जी से सहमत नहीं हूं और इस मामले में आगे भी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हूं. मैं अपने पति के साथ ही रहना चाहती हूं." कोर्ट में ही ज्योति सिंह ने पवन सिंह का थोड़ी देर इंतजार किया लेकिन वो नहीं पहुंचे. इसके बाद ज्योति सिंह कोर्ट से भावुक होकर निकल गईं.

2018 में ज्योति से पवन सिंह ने की थी शादी

तलाक से जुड़े इस मामले में कोर्ट में रिकॉन्सिलिएशन यानी सुलह की प्रक्रिया जारी है, ताकि दोनों पक्ष आपसी मतभेद को खत्म कर किसी समझौते पर मामला पहुंच सके. बता दें कि मार्च 2018 में पवन सिंह ने ज्योति सिंह से शादी की थी. इसके बाद अक्टूबर 2021 में पवन सिंह ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी. 26 मई 2022 को दोनों के तलाक का मामला आरा कोर्ट पहुंचा था.

मीडिया को नहीं दिया किसी सवाल का जवाब

बुधवार को ज्योति सिंह हरे रंग की साड़ी पहनकर कोर्ट पहुंची थीं. मांग में सिंदूर लगा था.

इस दौरान कोर्ट परिसर में काफी भीड़ दिखी. कोर्ट से बाहर निकलीं तो मीडिया ने उनसे काफी सवाल किया लेकिन उन्होंने कुछ नहीं कहा. सवालों को सुनते हुए वे चुप रहीं और चली गईं।

## उत्तराखंड वन विभाग में कार्यभार आवंटन को लेकर चर्चा तेज

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** वन विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कार्यभार (चार्ज) आवंटन को लेकर प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं. मामला आईएफएस और आईएएस अधिकारियों के बीच विभागीय जिम्मेदारियों के पुनर्वितरण से जुड़ा है, जिसमें शासन की भूमिका को लेकर प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं. कुछ दिन पहले प्रधान मुख्य वन संरक्षक के अधिकारी बीपी गुप्ता के रिटायर्ड होने के बाद उनका प्रभार आईएफएस अधिकारी मीनाक्षी को सौंपा गया था।

## टीम इंडिया के सामने डबल टेंशन, ईशान किशन चोटिल!





**नई दिल्ली:** अभिषेक शर्मा का खराब स्वास्थ्य पहले ही टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. अब ईशान किशन के भी चोटिल होने की खबर ने भारतीय खेमे को और भी बड़ी चिंता दे दी है. यह अपडेट ऐसे समय में आया है जब भारत बनाम नामीबिया मैच में 24 घंटे से भी कम समय बचा है. बुधवार को अभ्यास करते समय ईशान किशन को पैर में चोट आई है. बताया जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह की यॉर्कर गेंद उनके बाएं पैर के अंगूठे पर जाकर लगी, जिसके बाद भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दर्द से कराहते हुए नजर आए. मैदान पर फिजियो द्वारा ईशान को ट्रीटमेंट लेते भी देखा गया. अच्छी बात ये रही कि ईशान किशन थोड़ी देर बाद दोबारा अभ्यास करने लगे. दोबारा अभ्यास शुरू करने के 5 मिनट बाद ही उन्होंने अपना ट्रेनिंग सेशन खत्म किया. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है।

## बिजली विभाग का एसडीओ दस हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार, खुसरोबाग उपकेंद्र से एंटी करप्शन ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एंटी करप्शन की टीम ने खुसरोबाग विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ को दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इससे विभाग में हड़कंप मचा रहा। एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को बिजली विभाग के एसडीओ को दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बिजली मीटर सही कराने, मुकदमे व जुर्मने से बचाने के एवज में उपभोक्ता जितेंद्र कुमार से घूस मांगी थी। एंटी करप्शन टीम ने खुसरोबाग कार्यालय से एसडीओ को पकड़ने के बाद खुल्दाबाद थाने को सौपते हुए मुकदमा दर्ज कराया। खुल्दाबाद निवासी जितेंद्र कुमार ने दो दिन पहले एंटी करप्शन कार्यालय मैं विद्युत उपखंड कार्यालय खुसरोबाग के एसडीओ संजीव कुमार



श्रीवास्तव पर विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने, मुकदमे से बचाने और बढ़े हुए जुमार्ने से बचाने के एवज में दस हजार रुपये रिश्वृत मांगने की लिखित शिकायत की थी। एंटी करश्शन टीम की निरीक्षक अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम ने बुधवार को योजनाबद्ध तरीके से जितेंद्र कुमार को खुसरोबाग कार्यालय में एसडीओ को रिश्वत के रुपये देने को भेजा। एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जैसे ही जितेंद्र कुमार से रुपये लिए, उसी समय एंटी करश्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। मूलरूप से गाजीपुर के चंद्रा कॉलोनी पीर नगर निवासी एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।



रिश्वृत मांगने पर यहां करें शिकायत यदि सरकारी अधिकारी व कर्मचारी रिश्वृत की मांग करते हैं, तो भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज मंडल के मोबाइल नंबर 9454402490 फोन कर सकते हैं। इसके अलावा भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय लखनऊ कंट्रोल रूम नंबर 9454402484 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## हाईस्कूल हिन्दी में शत-प्रतिशत अंक पाना संभव, जरूरी है सही रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बोर्ड परीक्षा नजदीक आते ही विद्यार्थियों में तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। खासकर हाईस्कूल की हिन्दी परीक्षा को लेकर छात्रों में विशेष चिंता देखी जाती है, क्योंकि इस विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। हिन्दी में अनुत्तीर्ण होने पर अन्य विषयों में पास होने के बावजूद छात्र का सम्पूर्ण परिणाम प्रभावित हो सकता है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि यदि विद्यार्थी सुनियोजित तैयारी करें तो हिन्दी में भी शत-प्रतिशत अंक अर्जित करना कठिन नहीं है। पब्लिक इण्टर कॉलेज मोतिहा, प्रयागराज के शिक्षक डॉ. राजीव रंजन पटेल का कहना है कि हिन्दी को मातृभाषा मानकर हल्के में लेना विद्यार्थियों की बड़ी भूल होती है। यह विषय अन्य भाषाओं की तरह ही उच्च अंक दिलाने में सक्षम है, बशर्ते छात्र क्रमानुसार और सारगर्भित उत्तर लिखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान समय प्रबंधन और विषयवार अध्ययन अत्यंत आवश्यक है।

**वर्षभर की योजना जरूरी**

डॉ. पटेल के अनुसार विद्यार्थियों को शीर्षकवार समय-सारिणी बनाकर वर्ष की शुरूआत से ही नियमित अध्ययन करना चाहिए। केवल परीक्षा के समय पढ़ाई कर अच्छे अंक प्राप्त करना संभव नहीं है। वर्षभर की योजना, नियमित पुनरावृत्ति और अंतिम समय में शॉर्ट नोट्स तैयार करना सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तनी की शुद्धता, व्याकरण, निबंध लेखन और सुव्यवस्थित प्रस्तुति पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

**प्रश्नपत्र का स्वरूप समझें**

हाईस्कूल हिन्दी प्रश्नपत्र दो भागों में विभाजित होता है—बहुविकल्पीय प्रश्न (20 अंक) और वर्णनात्मक प्रश्न (50 अंक)। इसके अतिरिक्त 30 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होते हैं। बहुविकल्पीय खंड में हिन्दी गद्य व पद्य के विकास, काव्य-सौंदर्य, हिन्दी व संस्कृत व्याकरण, वाक्य रचना एवं पद परिचय से प्रश्न पूछे जाते हैं। वर्णनात्मक खंड में गद्यांश व पद्यांश आधारित प्रश्न, संस्कृत गद्य व पद्य का अनुवाद, खंडकाव्य, लेखक-कवि परिचय, पत्र लेखन तथा निबंध लेखन शामिल होते हैं।



शिक्षक डॉ. राजीव रंजन पटेल

**ऐसे करें अंतिम तैयारी**

विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को– सभी पाठों के नाम तथा लेखक-कवि के नाम याद रखने चाहिए। रस, छंद और अलंकार का उदाहरण सहित अभ्यास करना चाहिए। श्लोक लिखने का नियमित अभ्यास करना चाहिए। पर्यावरण, विज्ञान जैसे संभावित विषयों पर निबंध लिखकर अभ्यास करना चाहिए। पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्र समय-सीमा में हल करने चाहिए।

**बेहतर अंक लाने के टिप्स**

उत्तर क्रमानुसार और स्पष्ट लिखें।

मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करें।

प्रश्न को भलीभांति समझकर ही उत्तर दें। समयाभाव में भी उत्तर का निष्कर्ष अवश्य लिखें। सकारात्मक सोच बनाए रखें और संदेह होने पर विषय अध्यापक से संपर्क करें।

डॉ. पटेल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे परीक्षा का दबाव न लें, बल्कि आत्मविश्वास और नियमित अभ्यास के बल पर तैयारी करें। सही रणनीति और सतत प्रयास से हिन्दी में भी शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

## बार एसोसिएशन बारा का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**बारा, प्रयागराज।** बुधवार को बार एसोसिएशन बारा का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में वीरेन्द्र यादव अध्यक्ष और अनिल द्विवेदी मंत्री निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

अधिवक्ता? संघ बारा का चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को प्रातः 11 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया अपराह्न तक जारी रही। चुनाव में कुल 279 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अध्यक्ष पद के चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। वीरेन्द्र कुमार यादव ने 113 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी चन्द्रमणि सिंह को 89 मत, कृष्णाकांत मिश्र को 73 मत मिले। अध्यक्ष पद के लिए दो मत नोटा में पड़े और दो मत अवैध घोषित किए गए। इस प्रकार श्री वीरेन्द्र कुमार यादव ने 24 मतों के अंतर से अपने



निकटतम प्रतिद्वंदी को पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

मंत्री पद के लिए हुए मुकाबले में अनिल कुमार ने विजय प्राप्त की। उन्हें कुल 136 मत मिले।उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप कुमार पाण्डेय को 65 मत प्राप्त हुए । निर्भय करण को 55 मत मिले। श्री प्रमोद कुमार को 17 मतों से संतोष करना पड़ा। इसके अतिरिक्त दो मत नोटा में पड़े, एक मतपत्र सादा पाया गया तथा एक मत अवैध घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी प्रत्याशियों का अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार यादव एवं मंत्री अनिल कुमार द्विवेदी ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे बार संघ की गरिमा बनाए रखने, संगठन की एकता को मजबूत करने तथा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। साथ ही पारदर्शिता और अधिवक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाइक से घर जाते समय मंगलवार को शाम के समय बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें उपचार के दौरान एक की मौत हो गई थी। बुधवार को पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के भाई ने आर्टिका कार चालक नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मंगलवार को शाम के समय मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज जमखुरी मोड पर मानसिंह अपने साथी मुन्ना के साथ प्रतापगढ़ से अपने गांव जाते समय सामने से आ रही आर्टिका कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें मान सिंह और मुन्ना घायल हो गए थे। उपचार के दौरान मान सिंह की मौत हो गई थी। बुधवार को मृतक मान सिंह के भाई राम सिंह निवासी बनकट सोरांव ने आर्टिका चालक नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आर्टिका कार को जब्त कर सीज कर दी है।

## छात्राओं को विदाभिनंदन से की विदाई, टाइटल सेरेमनी से किया सम्मानित






### बाल विद्या मंदिर जीआईसी का विदाई समारोह आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज करमा में कक्षा बारहवीं के छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह, गरिमा और भावनात्मक माहौल के साथ किया गया। जिसमें कक्षा 12 के छात्राओं के लिए कक्षा 11 की छात्राओं ने अपने सीनियर्स को स्नेह और सम्मान के साथ विदाई दी। समारोह की मुख्य अतिथि जया लक्ष्मी सेठ उपप्रधानाचार्या सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल प्रयागराज रहीं। इस अवसर पर कल उन्होंने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं को जीवन में सतत रुप से अनुशासित रहकर आगे बढ़ने बात कहीं।समारोह की शुरूआत सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुई, जिसने कार्यक्रम को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक स्वर प्रदान किया। इस दौरान जूनियर और माध्यमिक सेक्शन की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्रों ने मनमोहक शास्त्रीय नृत्य, मधुर गीत और मनोरंजक नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही शिक्षकों ने मजेदार खेलों और गतिविधियों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। 'टाइटल सेरेमनी' के अंतर्गत फिजा नाज को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक पीके तिवारी ने कला और विज्ञान माडलों पर अव्वल रही छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया। छोटे बच्चों द्वारा रैम्प वॉक ने समारोह में चार चांद लगा दिए, जहां कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ मंच पर कदम रखा। विद्यालय की प्रशासक शाहिदा किरमानी व प्रिंसिपल सबा खान ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संचालन आफरीदा और इकरा कुरैशी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हरिओम मिश्र, सुमन, सूर्य कांत, विकास यादव, आमिल वसुधा तिवारी, सोहा, जीनत, यास्मीन, राकेश, कमलेश, सूरज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सहसों ब्लॉक के सभागार में दी गई श्रद्धांजलि



**सहसों।** विकासखंड सहसों के सभागार में बुधवार को एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं जनसंघ के प्रमुख पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने की। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर उपस्थित जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय चिंतन के प्रखर मनीषी थे। उन्होंने एकात्म मानववाद के सिद्धांत के माध्यम से राष्ट्र, समाज और व्यक्ति को एक सूत्र में पिरोने का मार्ग प्रशस्त किया। उनका मानना था कि देश के विकास की धुरी केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि नैतिकता, संस्कृति और करुणा जैसे मानवीय मूल्यों पर भी आधारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंघ के माध्यम से सक्रिय राजनीतिक जीवन में रहते हुए भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादगी, अनुशासन और सेवा भाव के प्रतीक बने रहे। 11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई थी, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था। राष्ट्र कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले ऐसे महापुरुष की पुण्यतिथि हमें त्याग, विचार और कर्तव्यबोध के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख मसूरिया दीन, शशि यादव, विजय बहादुर, कृष्ण कुमार चौरसिया, अजय राणा, अरुण त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य लोग श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## एक पन्ने पर लिख कर सात जन्मों का नाता तोड़ा

### शादी जैसे बंधन को कागज के टुकड़े के पन्ने में समाया, लालापुर थाना में

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के ओठगी गाँव की एक लड़की की शादी लालापुर थाना क्षेत्र के चिल्ला बनपुरवा गाँव में अखलेश वर्मा नाम के लड़के से पचीस जून 2019को शादी हुई उसके बाद शादीशुदा जीवन में दो बच्चे भी हुए जो एक बीस सितम्बर 2020 को एक पुत्र हुआ उसके बाद जुलाई 2025में एक और पुत्र होता है लेकिन दोनों दम्पति के जीवन में कहाँ सुनी होती रही है यह आरोप अखलेश की पत्नी नें लगाई शादी के सात साल होने के बाद बात इतनी बड़ गई की दोनों अलग होने पर आ गए।

लालापुर थाना क्षेत्र के चिल्ला गाँव के बनपुरवा निवासी अखलेश वर्मा की शादी ओठगी गाँव में उन्ही के विरादरी में 2019हो बड़े धूमधाम से शादी हुई लेकिन जीवन सिर्फ साथ फेरे की सात साल ही चला अखलेश की पत्नी का आरोपी है की जब से शादी हुई तब से मेरे साथ कहासूनी मनमोटाव होने लगा था। सात साल के जीवन के बीच दो बच्चें हुए लेकिन कोई परिवर्तन नहीं हुआ आज वह दिन आ गए की अलग होने पर आवादा है। मंगलवार को दोनों पछ थाने आए और दोनों के बीच साथ फेरे के रिश्ते को एक कागज के टुकड़े में लिख के खत्म कर लिए अखलेश की पत्नी नें दहेज का सारा समान लेने के बाद अलग होने का निर्णय ली। बाद में एक लाईन में ये भी लिखा गया की अगर इस सुलाहनामा के बाद अगर कोई समझौता होता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी होंगी।शादी जैसे पवित्र रिश्ते को आज हमारे समाज में क्या हो गया की एक कागज के दुकडे में खत्म हो रहा है। इस पर प्रशासन को एक कड़ा कानून बनान चाहिए। जो पवित्र रिश्ते को पल भर में खत्म न हो।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर, रेफर

**जसरा।** बारा थाना क्षेत्र के पांडर गांव स्थित गंगा धाम डेरी के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची बारा पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर हुए एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरसेडी. गांव निवासी सोनू कुशवाहा 30 वर्ष पुत्र छविराज कुशवाहा बघला बांध में नास्ते की दुकान खोल रखी है और बुधवार जसरा बाजार से अपने नाश्ते की दुकान के लिए सामान लेकर बाइक से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह पांडर गांव के पास गंगा धाम डेरी के समीप पहुंचाही था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार डंपर ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।




टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्काल बारा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना देते हुए घायल युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए एस आर एन प्रयागराज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए।

## सहसों के श्री प्रकाश नारायण सिंह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित, क्षेत्र में हर्ष की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** प्रदेश के राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए विभिन्न जिलों से उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया है। इसी क्रम में सहसों क्षेत्र के बभनकुईयां गांव निवासी वरिष्ठ शिक्षक श्री प्रकाश नारायण सिंह को उत्तर प्रदेश शासन की राज्य चयन समिति द्वारा महामहिम राज्यपाल की स्वीकृति के उपरांत राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

वर्तमान में श्री सिंह वाराणसी स्थित बंगाली टोला इंटर कॉलेज में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के चलते उन्हें यह सम्मान



प्रदान किया जा रहा है। उनके चयन से जहां क्षेत्र में गर्व और हर्ष का माहौल है, वहीं यह उपलब्धि अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने इसे सहसों क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है। खुशी व्यक्त करने वालों में समाजसेवी शिवनारायण सिंह ह्यगप्पूह्न, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, प्रताप बहादुर सिंह सहित आदि गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता जाहिर किया है।

## मोबाइल छिनैती का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौंधियारा गांव निवासी बृजेश भारतीय बाइक एजेंसी के सामने मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक पता पूछने के बहाने उनके पास पहुंचे और अचानक मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित ने थाना कौंधियारा में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। दबिश के दौरान पुलिस ने रावेंद्र निषाद उर्फ गोलू को सड़वा नहर पुलिया के पास से बाइक




सहित गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, उपनिरीक्षक नरेश कुमार, कांस्टेबल रविन्द्र कुमार बिंद, कांस्टेबल आशीष सिंह तथा कांस्टेबल सूर्य कुमार शामिल रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**प्रयागराज।** प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं ह्यएकात्म मानववादह्न के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके विचारों को देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बताया। कहा गया कि उपाध्याय जी का ह्यअंत्योदयह्न का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देता है। उनके कथन- दीन-दुखियों की सेवा में ही ईश्वर के दर्शन होते हैं, को स्मरण करते हुए जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी




राष्ट्रीय नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सह-संयोजक अंगद सिंह पटेल, घनश्याम मौर्य, अमित पाल सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। सभी ने उनके आदर्शों को राष्ट्र उत्थान का मार्गदर्शक बताते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरकारी जमीन पर केमिकल युक्त कचरा फेंकने का आरोप

**करछना।** करछना तहसील क्षेत्र के ग्राम लवामन खुर्द (रतिका पूरा), थाना औद्योगिक क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी करछना को प्रार्थना पत्र देकर गांव की सरकारी भूमि पर औद्योगिक अपशिष्ट फेंके जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग कथित रूप से कालीराज, सड़े अंडे व केमिकल युक्त अपशिष्ट पदार्थ खुले में डाल रहे हैं, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इन जहरीले पदार्थों से दुर्गंध फैलती है और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, इन अपशिष्ट पदार्थों को खाने से पशुओं की मौत होने की भी बात कही गई है। आरोप है कि कई




बार मना करने के बावजूद संबंधित लोग धमकी देकर कचरा डालना जारी रखे हुए हैं।

ग्रामवासियों ने एसडीएम से मांग की है कि स्थल का निरीक्षण कराया जाए और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि जनस्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

# कलेक्ट्रेट में डीएम का औचक निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित मामलों के निस्तारण और जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने सभी पटलों पर संबंधित कर्मचारी का नाम, पदनाम और उनके दायित्वों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। साथ ही कार्यालयों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर विशेष जोर दिया।

**डीडीसी कार्यालय और कोर्ट कक्षों की जांच**

निरीक्षण की शुरूआत डीडीसी कार्यालय से हुई। यहां साफ-सफाई और फाइलों के उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि डीडीसी की नियुक्ति तक संबंधित कार्य अपर जिलाधिकारी आपूर्ति देखेंगे।अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति कोर्ट में प्रकाश और अभिलेखों की अव्यवस्था पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने और फाइलों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। वर्ष 2013 से लंबित सीलिंग प्रकरणों की फाइलें देखीं और नियमित सुनवाई कर प्राथमिकता पर निस्तारण करने को कहा।

**लंबित मामलों की सूची बनाकर करें कार्रवाई**

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय में पांच वर्ष से अधिक पुराने 121 मामलों की जानकारी पर डीएम ने सभी लंबित प्रकरणों को सूचीबद्ध कर नियमित सुनवाई के माध्यम से शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

पुरानी फाइलों की वीडिंग प्रक्रिया तेज करने, रजिस्टर में विधिवत प्रविष्टि करने और लंबित व निस्तारित मामलों को अलग-अलग सुरक्षित रखने को कहा। प्रस्तावित नए रिकॉर्ड रूम के संबंध में भी रिमाइंडर भेजने के निर्देश दिए गए।

**जनशिकायतों की निगरानी हो प्रभावी**

डीएम ने आईजीआरएस और जनता दर्शन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो तथा फीडबैक अवश्य लिया जाए। एक ही प्रकरण से संबंधित बार-बार आने वाली शिकायतों का अलग रजिस्टर में अंकन कर विशेष निगरानी की जाए। सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायतों में अंतिम रिपोर्ट लगाकर ही प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए।

**आबकारी और अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण**

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आबकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शराब की दुकानों के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर प्रभावी रोक लगाने को कहा। इसके अलावा शस्त्र कार्यालय, सीआरए, ईआरके, न्यायिक अभिलेखागार, प्रोटोकॉल अनुभाग और रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने और मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण अद्यतन करने को कहा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल संजय पांडेय, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति विजय शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर सपा नेता नरेंद्र सिंह दी अपनी प्रतिक्रिया

कहा - यह बजट भाजपा सरकार का है आखिरी बजट जिसमें युवाओं,बेरोजगारों, महिलाओं और किसानों के साथ है धोखा



सपा नेता नरेंद्र सिंह

**मेजा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बजट इस सरकार का आखिरी बजट है जिसमें युवाओं बेरोजगारों, महिलाओं और किसानों के साथ धोखा है। झूठी और खोखली बातों की घोषणा करके अब जनता को गुमराह नही किया जा सकता। उन्होंने कहा कि खेती सूखी है, घरों में अंधेरा है, बेरोजगारी चरम पर, महंगाई आसमान पर, हर इंसान अनाथ है, सरकार की हर व्यवस्था आखिरी सांस ले रही है ऐसे में सरकार और भाजपा का यह बजट भी आखिरी बजट है जिसमें चुनावी गंध के अलावा कुछ और नही है। सपा नेता श्री सिंह ने इस बजट प्रभावी कम चुनावी ज्यादा बताया है। उनका मानना है कि चुनाव बाद सपा की सरकार बनेगी और प्रदेश के सभी आम लोगों के खुशी के दिन बहुरेंगे।

## न्यूज झरोखा

### दहेज हत्या प्रकरण में ससुर और देवर गिरफ्तार




**प्रयागराज।** फूलपुर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया।पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गंगानगर जोन के फूलपुर थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 50/2026 में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या से संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज है।थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नरई की पुलिया के पास से रमेश कुमार पाल (33) और समला देवी (50) निवासी ग्राम चक अब्दुल करीम उर्फ भुलई बाबूगंज को गिरफ्तार किया। दोनों पर विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और उसकी मौत के मामले में संलिप्तता का आरोप है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सूरज राठी, महिला उपनिरीक्षक प्रिया त्रिपाठी और हेड कांस्टेबल रामदवर सरोज शामिल रहे।

### सड़क हादसे में दो अधिवक्ता बाल बाल बचे



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र मांडा खास से मेजा तहसील जा रहे अधिवक्ता/ मंत्री अतुल वैभव द्विवेदी और अधिवक्ता राकेश द्विवेदी सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बाल बाल बच गए। सुरवा दलापुर गांव के सामने सीमेंट लदे ट्रक की तिरपाल उड़कर दोनों पर गिर गई, जिससे वे दोनों तिरपाल की चपेट में आ गए। घटना के बाद ट्रक चालक को पकड़ लिया गया और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वही सूचना पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा तहसीलदार मेजा यमुना प्रसाद वर्मा ने मांडा पहुंच कर कुशल छेम जाना और अतिशीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

### बीड़ी मांगने पर मना करने से नाराज युवक ने की मारपीट

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के दुबे तालाब इलाके में बीड़ी मांगने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुबे तालाब निवासी पुल्लू यादव, राकेश यादव व गीता देवी ने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के दो युवक ने बीड़ी मांगने पर मना करने से नाराज होकर उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर दी। मारपीट में पुल्लू यादव के सिर में गंभीर चोट आई है जिससे उनका सिर फट गया। घायल का उपचार कराया गया है। पीड़ितों ने थाना नैनी में तहरीर देकर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# यह बजट विकसित यूपी के सपनों को साकार करने वाला है लाभकारी बजट : योगेश शुक्ला

यूपी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने जाहिर की खुशी यूपी सीएम योगी बाबा,डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रति जताया आभार दी अपनी प्रतिक्रिया और बजट को यूपी अग्रसर करने वाला बजट बताया -

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए खुशी व्यक्त किया और कहा कि ये बजट प्रदेश की विकसित उत्तर प्रदेश के सपनों को साकार करने के लिए हर के लिए लाभकारी बजट है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रति आभार जताते हुए बजट को विकसित उत्तर प्रदेश के अग्रसर होने में कारगर वाला बजट बताया। श्री शुक्ल ने विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए निम्न बजट संभावित रोजगार 10 लाख मोबाइल निर्माण में देश में नं.1 (65 प्रतिशत उत्पादन), मिशन शक्ति विस्तार, वर्किंग वूमन हॉस्टल रोजगार प्राप्त 4.22 लाख अभ्युदय केंद्र, 163 टैबलेट/स्मार्टफोन, 49.86 लाख, मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना, पुलिस भर्ती 2.19 लाख, शिक्षक भर्ती 34 हजार, स्वास्थ्य व चिकित्सा चिकित्सा शिक्षा बजट 14,997 करोड, मेडिकल कॉलेज 81,नए कॉलेज 14, एमबीबीएस सीट12,800, पीजी सीट 4,995, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए कुल बजट 37,956 करोड़,ऊर्जा व इंफ्रास्ट्रक्चर ताप विद्युत क्षमता 9120 मेगावाट, ट्रॉमा सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल दवाइयों के घटे दाम, श्रमिक कल्याण, लेबर अड्डेई श्रम बीमा तथा मोबाइल हेल्थ वैन जैसे तमाम योजनाओं के लिए यूपी सरकार का आभार प्रकट किया है।

# आर पी वाई स्कूल में 12 वीं के बच्चों को भावभीनी विदाई

विदाई समारोह कार्यक्रम में बच्चों को तिलका लगाकर बढ़ाया उनका सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** विकास खंड सोरांव अंतर्गत आर पी वाई स्कूल हाजीगंज सोरांव में 12 वीं के बच्चों को सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें में इस विदाई के दौरान उनमें दिखा एक उत्साह का वातावरण वहीं उनकी भावनाओं में अपने शिक्षकों व विद्यालय के प्रति एक यादगार पल के रूप निखरता दिखा। बच्चों ने बतालाया कि विद्यालय एक ज्ञान का मंदिर है जहां शिक्षा व संस्कार के द्वार खुलते हैं और वहीं बच्चों ने यह भी कहा कि यह विद्यालय शिक्षा और संस्कार क्या होता है, हमें जो हमें प्राप्त हुआ और जो सीखने को मिला जो हमारे गौरव का केंद्र है यह विद्यालय। हमारी यही शिक्षा व संस्कार आगे बढ़ने एवं उच्च शिक्षा की ओर बढ़ने में मददगार साबित होगा। विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट व्यक्तित्व, अनुशासन एवं विद्यालय के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। मैनेजर पूरन चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उसी मौके सहजन राम गुप्ता ने भी संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का स्थान नहीं बल्कि संस्कार एवं अच्छे समाज व अच्छे व्यक्तित्व निर्माण का मंदिर है। साथ ही आर पी वाई कान्वेंट स्कूल की मैनेजर आकांक्षा ने भी सभी बच्चों को आगे बढ़ने की कामना करते हुए कहा कि 12 वीं सभी छात्र-छात्राएँ अब जीवन के एक नए पड़ाव एवं उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगे जहाँ उन्हें अपने ज्ञान और मूल्यों के आधार पर सफलता अर्जित करनी है। विद्यार्थियों द्वार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी बच्चों द्वारा दी गईं जिनमें नृत्य, गीत एवं कविता पाठ शामिल थे। बच्चों की इस मधुर मधुर प्रस्तुतियों ने सभी के मन मोह लिया एवं उपस्थित सभी ने उनका तालियों के उत्साहवर्धन बढ़ाते रहे। इस विदाई कार्यक्रम को बच्चों ने एक विशेष दिन की खुशियों को साझा किया गया एवं सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की आँखें भी नम थीं परंतु हृदय गर्व और शुभकामनाओं से भरे हुए थे। इस दौरान प्रिंसिपल सुगंथ गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विदाई केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि यादों और स्नेह से भरा एक अविस्मरणीय क्षण बन गया। यह विदाई दूर होना नहीं अपितु अब शिक्षा का स्तर को बढ़ने का समय आ गया जहां से आगे की पढ़ाई को बढ़ाना है और एक अच्छे मुकाम को हासिल कर अपने देश व विद्यालय साथ माता पिता का नाम गर्व से ऊँचा करना है जिसके साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को ऐसे ही आगे बढ़ना है और नाम को रोशन करना है। विद्यालय परिवार ने कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

### अज्ञात कारणों से महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**करछना।** थाना क्षेत्र के कटका गांव में मंगलवार रात को अज्ञात कारणों से गांव के ही 45 वर्षीय राजकुमारी निषाद पत्नी लवकुश निषाद ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी घर वालों को हुई तो चीखने चिल्लाने लगे। सूचना होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच में जुट गई है। लवकुश निषाद के एक बेटा और एक बेटी थी। लेकिन दोनों की पहले ही मौत हो चुकी है। राजकुमारी निषाद के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### अवन्तिका कालोनी में शिव बारात 15 को

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी रविवार को अवन्तिका कालोनी नैनी में श्री त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर सी ब्लॉक आम की बगिया से शिव बारात मध्यान्ह 12 बजे निकल कर पीडिए कालोनी के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मन्दिर परिसर में सम्पन्न होगी। इस अवसर पर प्रसाद भंडारे का भी आयोजन है। उक्त जानकारी देते हुए श्री त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर समिति के अखिलेश सिंह ने सभी शिवभक्तों से बारात में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर आयुक्त का निरीक्षण बसवार प्लांट में लेगेसी वेस्ट पर नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत बुधवार को नगर आयुक्त साई तेजा ने बसवार स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट, बायो-सीएनजी प्लांट और कीडगंज के काशीराज नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**बसवार प्लांट में कमियां मिलीं**

बसवार प्लांट के निरीक्षण में लेगेसी वेस्ट की अधिकता और मानसून शेड के क्षतिग्रस्त पिलर पाए गए। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं ईको स्टैंड और बीवीजी को कार्य में तेजी लाने तथा लेगेसी वेस्ट का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून शेड के पिलरों की मरम्मत कराने और पिछले तीन महीनों में हुई इनर्ट बिक्री की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

**बायो-सीएनजी प्लांट में दुर्गंध पर निर्देश**

बायो-सीएनजी प्लांट के निरीक्षण के दौरान परिसर में गैस की दुर्गंध पाई गई। इस पर नगर आयुक्त ने प्लांट परिसर में हरित पट्टी विकसित करने और ओडोनाइजर मशीन लगाने के निर्देश दिए, ताकि आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध की समस्या न हो।

**काशीराज नगर में सफाई और अतिक्रमण पर सख्ती**

कीडगंज के काशीराज नगर और महावीरन रोड क्षेत्र के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों को किट पहनकर नियमित नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए। दुकानदारों को दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने और सड़क पटरी पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा।

**खुदाई वाले गड्ढों की बैरीकेडिंग अनिवार्य**

सीवर और जलकल विभाग द्वारा मरम्मत कार्य के लिए खोदे गए गड्ढों की बैरीकेडिंग न होने पर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने महाप्रबंधक और मुख्य अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी गड्ढों की तत्काल बैरीकेडिंग कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त राजीव शुक्ला और अरविंद राय, सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय, जोनल अधिकारी संजय ममगई और अखिलेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नैनी में नगर निगम की टीम को वापस जाना पड़ा



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मेवालाल बगिया चौराहे पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब नगर निगम की टीम स्थानीय दुकानों को हटाने के लिए मौके पर पहुंची। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना स्थल पर मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल ने नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए नगर निगम वापस जाओ और योगी-मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम की टीम छोटे दुकानदारों का उत्पीड़न कर अवैध वसूली करती है जिसे व्यापारी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की कार्रवाई जारी रही तो इसकी शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की जाएगी। विरोध के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी एकत्र हो गए जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों ने स्थिति को देखते हुए नगर निगम की टीम को वापस बुला लिया।

# रास्ते के विवाद में युवक से मारपीट, एक आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** करैली थाना पुलिस ने रास्ते के विवाद में युवक से मारपीट और जबरन कार में बैठाकर ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया।

पुलिस के अनुसार करैली थाना क्षेत्र निवासी शाऊ पिंग छाय ने तहरीर देकर बताया था कि रास्ते में साइड देने को लेकर हुए विवाद के बाद 9 फरवरी को कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि दबंगों ने उन्हें जबरन कार में बैठाया, पिटाई की और रास्ते में छोड़कर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने माजिद (25) निवासी ग्राम भीटी, थाना एयरपोर्ट को बक्सी मोढ़ा से अलीना सिटी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 8 फरवरी को मालवीय समोसा, सी ब्लॉक के सामने कार को साइड देने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में अगले दिन घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजीत कुमार मौर्य, इस्तियाक अंसारी, रमेश कुमार सिंह, शिवम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## 12 फरवरी को तीन केंद्रों पर होगा हज यात्रियों का टीकाकरण

**प्रयागराज।** हज-2026 पर जाने वाले चयनित यात्रियों के लिए 12 फरवरी को टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की ओर से सभी हज यात्रियों को निर्धारित ई-सुविधा केंद्रों पर समय से पहुंचकर वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम 12 फरवरी को सुबह 10 बजे से समाप्ति तक संचालित होगा। इसके लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्र में तीन केंद्र बनाए गए हैं। टीकाकरण केंद्रों में आरनेलाज हायर सेकेंड्री स्कूल, 134/बी-1 नूरुल्लाह रोड (पालकी गेस्ट हाउस के निकट), मदरसा इमामिया अनवारूल उलूम, 39 मिर्जा गालिब रोड तथा मदरसा खदीजतुल कुबरा लिलबनात, हंडिया शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी चयनित हाजी अपने मेडिकल स्क्रीनिंग से संबंधित दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात साथ लेकर निर्धारित केंद्र पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हज नोडल अधिकारी मोहम्मद अमजद से संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि हज यात्रा की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके।

# सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड व विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कई विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति एवं शादी अनुदान तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति योजनाओं की अपेक्षित प्रगति न होने पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कुसुम योजना में धीमी प्रगति पर उप कृषि निदेशक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति कम पाए जाने पर परियोजना निदेशक डीआरडीए पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में पोषण अभियान की प्रगति संतोषजनक न होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की गई। वहीं पीएम सूर्य घर योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर अतिरिक्त ऊर्जा विभाग प्रभारीध्डीसी मनरेगा पर नाराजगी व्यक्त की गयी। समाज कल्याण विभाग में अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त न होने पर भी जिला समाज कल्याण अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की गयी। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओडीओपी टूलकिट योजना की खराब प्रगति पर उद्योग विभाग के सहायक आयुक्त उद्योग को फटकार लगाते हुये यथाशीघ्र टूलकिट वितरण एवं शत-प्रतिशत प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर रिपोर्टिंग से पूर्व आंकड़ों की गहन समीक्षा कर लें तथा खराब रैंकिंग की स्थिति में आसपास के जनपदों से समन्वय स्थापित कर सुधार की रणनीति बनाएं। उन्होंने विकास कार्यों से संबंधित बी, सी, एवं डी श्रेणी के फामूर्ले को समझकर प्राथमिकता के आधार पर रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए और सीएम डैशबोर्ड की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा संतोष कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने ब्लाक सण्डवा चन्द्रिका कार्यालय का किया निरीक्षण

### योजनाओं में अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीडीओ

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास खण्ड सण्डवा चन्द्रिका का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। सीडीओ ने सर्वप्रथम विकास खण्ड कार्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए विकास खण्ड परिसर में एक नवीन सामुदायिक शौचालय के निर्माण तथा ग्रीष्म ऋतु से पूर्व कार्यालय परिसर में आने वाले नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आरओ मशीन स्थापित कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात मनरेगा, आवास योजना एवं स्थापना पटल सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया गया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं से जुड़ी पत्रावलियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करते हुए सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जन सूचना रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, डिस्पैच रजिस्टर, कैश बुक एवं ग्रांट रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई चेकलिस्ट के अनुसार सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तीन कार्य दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। ग्राम स्तर पर लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा लाभार्थी चयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।



## न्यूज झरोखा

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल



**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के मेहदीया पूरे दुबे गांव निवासी प्रदीप पटेल बुधवार को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि प्रदीप बुधवार दोपहर करीब 1 बजे अपने बाइक से एक विद्यालय में फीस जमा करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह तरदहा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पट्टी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रदीप बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल युवक को सड़क से उठाया और निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसके चलते बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

### देवी भागवत कथा को निकली कलश शोभा यात्रा



**कुंडा।** नगर पंचायत मानिकपुर के सिद्ध पीठ मां ज्वालादेवी मंदिर पर पूर्व प्रधान प्रेमचन्द जायसवाल के संयोजन में नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। बुधवार को सिद्ध पीठ ज्वालादेवी मंदिर से स्वामी आनंदाश्रम के वैदिक मंत्रों से पूजित कलश सिर पर धारण कर कलश शोभा यात्रा निकली। कलश स्थापना देवी पूजन के साथ नौ दिवसीय देवी भागवत कथा की शुरूआत स्वामी आनंदाश्रम ने की। देवी प्राकट्य, महात्मय के साथ कथा की शुरूआत की। आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रेमचन्द्र जायसवाल, मिथलेश कुमारी, लवकुश बाबा, रेखा जायसवाल, राजेश मौर्या, सुषमा जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम दुलारे मौर्य, मालती देवी, पंकज जायसवाल, बसन्त सोनी, मनोज तिवारी, धनंजय मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, वीरेन्द्र सोनकर, अश्वनी जायसवाल, आदित्य आदि मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल, इलाज के दौरान मौत



**प्रतापगढ़।** बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के केदौरा परसरवा गांव की लाली 60 पत्नी मथुरा बीती मंगलवार की शाम घर के सामने बैठी थी। इसी दौरान उधर से गुजर रहे तेज गति की बाइक सवार ने वृद्धा को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रात में ही वृद्धा की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के दो पुत्र अनिल व राधेश्याम तथा चार पुत्रियां सीता, प्रियांशु, रीता व गीता हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**कुंडा।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के करेंटी गांव निवासी शिव मूरत पटेल का 28 वर्षीय बेटा राजकुमार मंगलवार शाम बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही वह कोतवाली के दिलेरगंज मोड़ पर पहुंचा तभी नबावगंज थाना क्षेत्र के परियावां गांव निवासी राजाराम का 26 वर्षीय बेटा अजय कुमार बाइक से आ गया। बाइकों की भिड़ंत में दोनों घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के पूरे नोहर सिंह का पुरवा गांव निवासी दशाराम का 28 वर्षीय बेटा अंकित कुमार साहू बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रेफर कर दिया।

## शिक्षिका की हादसे में मौत, युवक के खिलाफ केस

**कुंडा।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी शिक्षिका मीना गुप्ता पत्नी उमेश गुप्ता की मंगलवार सुबह अनियंत्रित स्कॉर्पियों की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में मृतका के पति उमेश कुमार ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर जानबूझ कर उसकी पत्नी पर स्कॉर्पियो चढ़ाकर मारने का आरोप लगाया। पीड़ित उमेश गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी स्कॉर्पियो चालक मो. मोहिसिन खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## किराने की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अतरौरा बाजार में बुधवार सुबह एक किराने की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। दमड़ी गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र मथुरा प्रसाद अतरौरा बाजार में वर्षों से किराने की दुकान संचालित करते हैं। रोज की तरह मंगलवार रात दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब नौ बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे और शटर उठाया, तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। पीड़ित दुकानदार ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर आसपुर देवसरा पुलिस दोपहर करीब एक बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस संबंध में आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। अभी तक कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। प्रार्थना पत्र मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वाटरशेड महोत्सव का आयोजन 19 व 20 फरवरी को

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि जनपद में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिये वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन दिनांक 19 फरवरी को डब्ल्यूडीसी-2 आसपुर देवसरा के ग्राम पंचायत गौहानी में नव निर्मित तालाब पर पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एवं दिनांक 20 फरवरी को डब्ल्यूडीसी-1 मंगरौरा के ग्राम पंचायत सरौली में आंगनबाड़ी केन्द्र पर पूर्वान्ह बजे से अपरान्ह 3 बजे तक वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

## श्रीराम नाम के जप में जीवन के कष्टों से मिलती है मुक्ति : आचार्य विनीत



**लालगंज।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य विनीत जी महराज द्वारा श्रीराम नाम महामंत्र का गुणगान सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। सावित्री वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में हो रहे मानस सम्मेलन का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कथा सुनाते हुए विनीत जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम जप महामंत्र है। उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम करूणानिधान हैं और वह सदैव कृपावान रहते है। उन्होने बताया कि जीवन में विकट से विकट परिस्थितियों से श्रीराम का मंत्र ही सहारा बना करता है। आचार्य विनीत जी ने श्रद्धालुओं से कहा कि अर्थ, काम, क्रोध, लोभ के प्रपंचना से मुक्ति ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि रामनाम का उच्चारण होते ही पाप स्वयं नष्ट हो जाया करते हैं। सनातन संस्कृति की महिमा का वर्णन करते हुए आचार्य विनीत जी ने कहा कि सनातन संस्कृति अनन्त है और यह हमारे जीवन की मयार्दा है। उन्होने कहा कि माया के भंवर में प्रभु को भूलना ही जीवन में कष्ट को आमंत्रण है। कथाव्यास ने श्रीभरत जी के चरित्र का बखान करते हुए कहा कि स्वयं प्रभु श्रीराम ने बताया कि भरत का मन मां जमुना की तरह निर्मल है। कथा के दौरान श्रीराम नाम संकीर्तन व सुमधुर भजनों पर भी श्रद्धालुओं को भावपूर्ण संगत में देखा गया। स्वागत सह संयोजक अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संचालन साहित्यकार जयप्रकाश पाण्डेय सरस ने किया। आभार प्रदर्शन संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने किया। प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह, समाजसेवी राजेन्द्र द्विवेदी, प्रेम नारायण तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर संतोष सिंह, फूलचंद्र पाण्डेय, केशवराम ओझा, अखिलेश मिश्र, विनोद मिश्र, अंजनी अमोघ, अभिषेक पाण्डेय, पवन तिवारी, श्रवण मिश्र, श्रीकांत द्विवेदी, रवि तिवारी, जितेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, अवनीश शुक्ला, प्रेमशंकर त्रिपाठी आदि रहे।

## पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट, दो पर केस

**प्रतापगढ़।** पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देवीगढ़ गांव की शिवानी देवी पत्नी बैजनाथ पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ फरवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसके बच्चों को घर बुलाकर उसकी जेठानी ने भोजन कराया। आरोप है कि इससे नाराज जेठानी राजकुमारी की बहू रोशनी अपने पति सुखलाल के साथ पीड़िता के घर पहुंची और गाली देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घर में घुसकर की मारपीट, केस दर्ज

**लालगंज।** घर में घुसकर मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बासूपुर गांव की उषा सरोज पत्नी रामधनी सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस फरवरी की शाम करीब चार बजे वह घर पर नहीं थी। उसकी बेटी किरन सरोज घर में अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान रंजिश को लेकर गांव के संदीप सरोज पुत्र खोताई सरोज अपनी मां सगरहिन के साथ घर में घुसकर पीड़िता की बेटी को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## स्कूल गयी छात्रा गायब, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** स्कूल गयी छात्रा के गायब हो जाने को लेकर पीडित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस फरवरी को सुबह उसकी बीस वषीर्या पुत्री लालगंज कस्बा स्थित एक महाविद्यालय में पढ़ने गयी थी। घर वापस न लौटने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन छात्रा का कहीं पता नही चला। अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाये : एडीएम



**प्रतापगढ़।** पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों/आश्रितों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, शस्त्र लाइसेंन्स आदि समस्याओं के सम्बन्ध में अपनी-अपनी शिकायतों को एडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया, बैठक में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। एडीएम ने भूतपूर्व सैनिकों/ आश्रितों को शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर प्रकरण से सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम ने कहा कि देश की सुरक्षा और शांति बनाये रखने में सेनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सैनिकों के पुरूषार्थ के ही बदौलत हमारे देश की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण है। बैठक में सीओ सिटी प्रशान्त राज, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र, सैनिक कल्याण के कनिष्ठ सहायक कमल सिंह सहित भूतपूर्व सैनिक/आश्रित व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## अत्यधिक भीड़ की आशंका के चलते शंकराचार्य का समस्त कार्यक्रम निरस्त

**पट्टी।** जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का पट्टी क्षेत्र अंतर्गत भानेपुर-तिवारीपुर गांव में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों एवं कथा में आगमन प्रस्तावित था। इस दौरान क्षेत्र में दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए जाने थे। कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं, जिससे आयोजन स्थल पर क्षमता से कहीं अधिक भीड़ एकत्र होने की संभावना जताई जा रही थी। प्रशासनिक एवं आयोजकीय व्यवस्थाओं के आकलन के बाद यह स्पष्ट हुआ कि इतनी भारी भीड़ को नियंत्रित करना कठिन हो सकता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका से बचने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में प्रस्तावित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का समस्त कार्यक्रम निरस्त किया जाता है। इस संबंध में आधिकारिक जानकारी देते हुए जगतगुरु शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज सरकार ने बताया कि अत्यधिक भीड़ की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम की नई तिथि की सूचना भविष्य में विधिवत माध्यमों से दी जाएगी।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में सत्तर मरीजों की आंखों का हुआ परीक्षण, बंटा चश्मा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक के पूरनपुर खजूर में बुधवार को निशुल्क नेत्र शिविर में सत्तर मरीजों की आंखो का परीक्षण हुआ। लालगंज के संगम चैराहे स्थित आर्यावर्त हास्पिटल के तत्वाधान में आयोजित शिविर में पचीस मरीजों को निशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 धर्मेन्द्र सिंह ने लोगों को आंखों की देखरेख को लेकर जागरूकता भी प्रदान की। शिविर में दस रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में डा0 धीरज व गौरव तथा अतुल ने नेत्र विकार से सावधानी व इलाज के बाबत जानकारियां प्रदान की। आयोजक अशोक कुमार यादव ने शिविर का संयोजन किया। इस मौके पर नागेन्द्र सिंह, राम सिंह, वंशी लाल, अभिनव यादव आदि रहे।



## घर का ताला तोड़कर नकदी-गहने समेट ले गए चोर

**कुंडा।** कोतवाली क्षेत्र के भदरी गांव निवासी रानी देवी पत्नी माता फेर सरोज नौ फरवरी की रात घर में ताला बंद कर निराश्रित मवेशियों से फसल बचाने को खेत की रखवाली करने चली गई। रात में चोर घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे, घर में रखे नकदी, सोने चांदी के जेवरात, बर्तन समेत हजारों का सामान समेट ले गए। जब सुबह रानी देवी घर लौटी तो घर की हालत देख अवाक रह गई। रानी ने मामले की तहरीर दी तो पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

## पिता को पीटने के आरोप में बेटे पर केस

**कुंडा।** महेशगंज थाना क्षेत्र के माधी चैनगढ़ गांव निवासी उमाशंकर मिश्र ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 10 फरवरी की शाम करीब पांच बजे उसके बेटे रुबेन्द्र कुमार मिश्र ने बंटवारे के विवाद में उन्हें मारा पीटा। उनकी सारी जमीन अपने नाम कराना चाहता है मना करने पर जान से मारने की धमकी देता है। बेटे की पिटाई से उमाशंकर गंभीर घायल हो गए। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रुवेन्द्र कुमार मिश्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## अधिवक्ता के साथ मारपीट व फायरिंग का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज।** अधिवक्ता के साथ गालीगलौज तथा मारपीट व जानलेवा फायरिंग को लेकर कस्बे के एक व्यापारी समेत दो के खिलाफ तहरीर दी गयी है। लालगंज कोतवाली के जैनपुर निवासी आलोक कुमार शुक्ल पुत्र रघुनाथ प्रसाद शुक्ल तहसील में वकालत किया करते हैं। पीडित अधिवक्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को दिन में लगभग बारह बजे वह गांव के समीप अपनी भूमि पर फसल को देखने गया था। इसी बीच कोतवाली के लालगंज बाजार निवासी एक व्यापारी समेत दो लोग पहुंचे और उसे रोक कर गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित की पिटाई कर दी। पीड़ित की चीखपुकार पर आसपास के लोग दौड़े तब आरोपियों में से एक ने अपनी रिवाल्वर से पीड़ित पर जानलेवा फायरिंग कर दिया। हालांकि पीड़ित बाल बाल बच गया। आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। साथी के साथ वारदात की जानकारी होने पर तहसील में वकील आक्रोशित हो उठे। आक्रोशित वकीलों के साथ पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर घटना के बाबत तहरीर दी है। एसएसआई अरूण सिंह ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# सम्पादकीय

## अमेरिका से व्यापार समझौते में सब गोलमाल !

**अमेरिका** से व्यापार समझौते पर मोदी सरकार बड़ी कामयाबी की डींगे हांक रही है, लेकिन धरातल पर नजर आ रहा है कि वह हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। शनिवार 7 फरवरी को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को लेकर जो प्रेस वार्ता की, उसमें न केवल देश के हितों से विरोधाभास नजर आया, बल्कि यह भी साफ दिखा कि सरकार के भीतर ही अब तक सारी बातें स्पष्ट नहीं हैं और दो मंत्रियों के बीच गेंद को एक-दूसरे के पाले में डालने का खेल चल रहा है।

तीन दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर से जब पूछा गया कि व्यापार समझौते पर ताजा जानकारी क्या है? तो उन्होंने कहा था कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से पूछिए। वो ही इसको देख रहे हैं। वहीं पीयूष गोयल से जब शनिवार को रूस से तेल खरीद पर स्थिति साफ करने को कहा गया तो श्री गोयल ने कहा कि विदेश मंत्रालय से पूछिए। पत्रकारों को इस तरह एक-दूसरे के पास टरकाने का क्या मतलब है। क्या सरकार के मंत्रियों में आपस में बात नहीं होती या सबको अपने हिस्से का श्रेय चाहिए या कि सरकार को खुद ही नहीं पता है कि आखिर में डील में क्या-क्या है और क्या-क्या नहीं है। जैसे पीयूष गोयल ने इससे पहले कहा था कि 3-4 दिनों में भारत-यूएस ट्रेड डील हो जाएगी। लेकिन अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने शुक्रवार रात को ही इसकी घोषणा कर दी। बताया जा रहा है कि भारत में तब तक किसी मंत्रालय के पास ट्रेड डील के फ्रेमवर्क की जानकारी नहीं थी। इसके बाद पीयूष गोयल और पीएम मोदी और अन्य मंत्रियों ने इस पर ट्वीट करना शुरू किया। बहरहाल, पीयूष गोयल ने बताया कि भारत में किन क्षेत्रों को अमेरिका में निर्यात पर शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा, उनमें रत्न और आभूषण, हीरे, दवाइयां, जेनेरिक और फार्मा उत्पाद, स्मार्टफोन शामिल हैं। इसके अलावा बताया गया कि कई कृषि उत्पादों पर पहले 50 प्रतिशत तक लगने वाला शुल्क अब शून्य हो जाएगा। इनमें मसाले, चाय, कॉफी, खोपरा, नारियल, नारियल तेल, वनस्पति तेल, सुपारी, ब्राजील नट्स, काजू, चेस्टनट, एवाकाडो, केला, अमरूद, आम, कीवी, पपीता, मशरूम, सब्जियों की पौध जड़ें, जौ, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ शामिल हैं। वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में किसी भी ऐसे उत्पाद को शामिल नहीं किया गया है जिससे भारतीय किसानों को नुकसान हो। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील वस्तुओं को समझौते से बाहर रखा गया है। भारत में किसी भी प्रकार के जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दी गई है। वाणिज्य मंत्री ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ यह व्यापार समझौता किसानों, एमएसएमई, हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्रों के हितों को किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

इस तरह का स्पष्टीकरण देने का मतलब ही है कि कहीं कुछ छिपाया जा रहा है। वैसे भी भारतीय किसानों ने चेतावनी दे ही दी है कि उनके खिलाफ सरकार गई तो फिर आंदोलन पर उतर जाएंगे। शायद इसलिए सरकार अभी से उन्हें समझाने में लगी है।

# भारत पर नजर रखो, क्या दिन ला दिए मोदी जी!

**शकील अख्तर**

**केन्द्रीय** वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल यह तो बता रहे हैं कि कौन कौन से उत्पाद भारत में नहीं आएंगे। मगर यह नहीं बता रहे कि कौन कौन से आएंगे। सारा खेल इसी में छुपा है। अमेरिका जो चाहेगा वह आएगा। जीएम (जेनेटिक मोटिफाइड) फसलों के लिए वह भारत को प्रयोगशाला बनाएगा। यही कहा जा रहा है कि मीडिल क्लास चेत जाए। यह जीएम फसलें इस पीढ़ी को नहीं अगली कई पीढ़ियों को क्या नुकसान पहुंचाएंगी यह सोचना भी बहुत डरावना है। डीएनए बदल जाएगा।

किसी से लड़ना, अवाइड करना या और कुछ भी तिरस्कार वगैरह इन सबसे बुरी बात समझी जाती है नजर रखना। नजर किस पर रखी जाती है? वह तो सब ठीक है अपराधी वगैरह। लेकिन उससे भी बुरी बात है नजर अपने आश्रित पर रखी जाती है। शब्द बहुत गंदा है मगर सच वही है कि गुलाम पर। कि वह गुलामी से बाहर जाने की तो नहीं सोच रहा। नजर रखो इस पर।

तो मोदी जी आज भारत को इस स्थिति पर ले आए कि अमेरिका के अधिकारी हम पर निगाह रखेंगे। अब क्या कहें? हद तो यह हो गई कि इस शर्मनाक स्थिति में लाने को मोदी अपनी शान समझ रहे हैं! संसद परिसर में एनडीए के सांसदों से अपना स्वागत करवा रहे हैं। हार पहन रहे हैं। जीत का!

हम किस से तेल खरीदेंगे किस से नहीं यह अमेरिका तय करेगा। और हम उसके अनुसार करेंगे। मगर फिर भी वह हम पर निगाह रखेगा। इससे ज्यादा शर्म की, अपमान की बात और क्या हो सकती है। लेकिन क्या यह भारत का अपमान है? ऊपर से देखने में हैं। मगर वास्तव में यह मोदी का पराभव है। सारी नकली कलई खुल गई। 56 इंच की छाती, लाल आंखों और एक अकेला सब पर भारी की असलियत सब के सामने आ गई। अमेरिका के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया। राहुल गांधी के शब्दों में नरेन्द्र ...सरेन्डर!

बाहर इस तरह सरेन्डर किया और यहां राहुल का सामना होने से डर कर लोकसभा में नहीं आए। राहुल ने सुबह कहा था मोदी जी में लोकसभा में आने की हिम्मत नहीं है। उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना था। मगर वे वास्तव में नहीं आए और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष से कहलवाया यह गया कि मोदी को सदन में खतरा था। विपक्ष की महिला सांसदों से। इसलिए नहीं आए।

प्रधानमंत्री को सदन के अंदर खतरा! वह भी महिला सांसदों से! बहुत बड़ा मजाक हो गया यह। और यहीं से मोदी जी की उलटी गिनती की शुरूआत हो जाती है। विदेशों से भारत की निगरानी का फरमान आता है और उन्हें जवाब देना तो दूर वे देश में अपनी लोकसभा में जिसके वे नेता हैं वहां इसलिए नहीं जाते क्योंकि उन्हें वहां खतरा दिखता है।

अमेरिका से डील मोदी की है। कमजोर और लाचार भारत दिख रहा है। भारत न कभी था न कभी है। लेकिन जैसा कि भक्तों ने मोदी का मतलब भारत कर दिया था। वैसा ही अब मोदी के कमजोर होने से अमेरिका भारत को कमजोर समझ रहा है। उस पर नजर रखने की बात कर रहा है। इसका जवाब विपक्ष तो कड़े शब्दों में दे ही रहा है। कांग्रेस ने साफ कह दिया कि आपकी जो भी सीक्रेट अमेरिका के पास हों हमें कोई मतलब नहीं है। आप इस वजह से सरेंडर कर दीजिए मगर भारत नहीं झुकेगा। कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट के चैयरमेन पवन खेड़ा ने यह कहते हुए एपस्टीन फाइल का भी ड्रिक्र किया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी कर चुके हैं।

एपस्टीन फाइल में नाम आया है। संदेश यही जा रहा है कि एपस्टीन फाइल की वजह से ट्रंप मनमानी कर रहा है। पहले उसने सीज फायर करवाया। और फिर यह डील। जो पूरी तरह इकतरफा है। भारत के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ। भारत का जो सामान पहले अमेरिका 3 परसेन्ट टैरिफ देकर जाता था। अब 18 परसेन्ट देकर जाएगा। सामान्य शब्दों में पहले भारत के बने सामान पर अमेरिका केवल तीन



प्रतिशत शुल्क ( टैरिफ) लेता था। फिर उसने हमें धमकाते हुए पहले 50 प्रतिशत किया। सौ प्रतिशत की धमकी दी। फिर 25 प्रतिशत पर लाया। और अब जो नई डील हो गई है उस में 18 प्रतिशत लेगा। मतलब तीन से 18 प्रतिशत बढ़ाया गया है और हमारे प्रधानमंत्री इस अपनी जीत बताते हुए विजय माला पहन रहे हैं।

और देखिए! डील में इससे भी ज्यादा जो खतरनाक पहलू है जिसे सरकार छुपाने की कोशिश कर रही है वह है अमेरिका के लिए अपना पूरा बाजार खोल देना। अमेरिका कह रहा है कि इस डील से उसका किसान मालामाल हो जाएगा। और हमारे किसान का दिवाला निकल जाएगा। अमेरिका से जो कृषि और डेयरी उत्पाद आएंगे वह टैरिफ फ्री होंगे। मतलब उस पर भारत एक पैसा भी शुल्क ( टैरिफ) नहीं लगाएगा। अमेरिका को जो भी अतिरिक्त उत्पादन है वह सब यहां डंप किया जाएगा। भारत का किसान उसका मुकाबला नहीं कर पाएगा। किसान संगठनों ने कहा है कि यह तीन काले कानूनों से बड़ी तबाही होने जा रही है। उसके साफ शब्द हैं कि उन्हें सरकार की सफाइयों पर भरोसा नहीं है।

डील में जितना बताया जा रहा है उससे ज्यादा छुपाया जा रहा है। अमेरिका का साफ कहना है वह इसके जरिए 500 अरब डालर का माल भारत में बेचेगा। 500 अरब डालर मतलब 45 लाख करोड़ रुपए! यह भी समझना मुश्किल है इतना रुपया कितना होता है? तो थोड़ा सा ऐसे समझ लीजिए कि अभी जितना माल विदेशों से भारत आता है उसका ढाई गुने से ज्यादा केवल अमेरिका से हमें आयात करना होगा। और माल आता हो तो किसका पैसा जाता है। आम भारतीय का ही। उससे यही माल खरीदवाया जाएगा। किसकी कीमत पर? भारतीय किसान और पशुपालक की कीमत पर। प्रचार और कीमतों में काम्पीटिशन करवा कर वे भारतीय किसान को मुकाबले से बाहर कर देंगे।

खतरे बहुत बड़े हैं। जनता को ही समझना होंगे। और अगर नहीं समझती तो वह आने वाली पीढ़ियों की बबार्दी की कहानी लिखने में खुद भी शामिल मानी जाएगी। कांग्रेस ने मध्यम वर्ग को सचेत किया है। माहौल वही बनाता है। मोदी मोदी का जाप सबसे पहले उसी ने किया था।

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल यह तो बता रहे हैं कि कौन कौन से उत्पाद भारत में नहीं आएंगे। मगर यह नहीं बता रहे कि कौन कौन से आएंगे। सारा खेल इसी में छुपा है। अमेरिका जो चाहेगा वह आएगा। जीएम (जेनेटिक मोटिफाइड) फसलों के लिए वह भारत को प्रयोगशाला बनाएगा। यही कहा जा रहा है कि मीडिल क्लास चेत जाए। यह जीएम फसलें इस पीढ़ी को नहीं अगली कई पीढ़ियों को क्या नुकसान पहुंचाएंगी यह सोचना भी बहुत डरावना है। डीएनए बदल जाएगा। यह संयोग प्रयोग डीएनए ऐसे शब्दों का प्रधानमंत्री बहुत उपयोग करते हैं। मगर क्या इनका मतलब उन्हें मालूम है? भारत में जीएम फसलों पर रोक है। केवल कपास की खेती की अनुमति है। यह बहुत बड़ी बहस है कि खाने-पीने की चीजें जीएम होना चाहिए या नहीं और इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है। यह प्रयोग भारतीय लोगों पर किया जाएगा? बहुत संक्षेप में जीएम मतलब किसी बीज, जीव या पौधे के जीन को दूसरे में आरोपित कर एक नई प्रजाति विकसित करना। जीएम फसलों की जरूरत वहां होती है जहां उत्पादन कम हो। मगर भारत में तो इन्दिरा गांधी ने हरित क्रान्ति करके देश में अतिरिक्त अनाज पैदा करवा दिया था। किसान और कृषि वैज्ञानिकों ने उनका साथ दिया था। ज्यादा जानें हरियाणा समाचार मनोरंजन समाचार सदस्यता ई-पेपर सदस्यता विविध समाचार सदस्यता बॉलीवुड समाचार सदस्यता खेल जगत अपडेट दिल्ली समाचार राजस्थान समाचार युवा विशेष सामग्री नवीनतम समाचार संग्रह वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल ने कहा है कि भारत ने अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पाद व्यापार में मौजूद पुरानी बाधाओं को पार करने पर सहमति जताई है। इससे साफ और क्या होगा? सरकार कितना ही छुपाने की कोशिश करे इसका मतलब साफ है जीएम फसलों के लिए दरवाजे खोलना।

# मतदाताओं को सीधे कैश ट्रांसफर मामले की सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

**– डॉ. ज्ञान पाठक**

**कोर्ट** ने चुनावी हार, सीटों के नुकसान, या प्रचार पाने का ड्रिक्र करते हुए राजनीतिक टिप्पणी को कानूनी क्षेत्राधिकार के साथ मिलाकर गलती की है। अदालतों से उम्मीद की जाती है कि वे राजनीतिक लोकप्रियता को संवैधानिक न्याय से अलग रखें। 'व्यवस्थित प्रभाव डालने' की जांच किए बिना याचिका पर सुनवाई से इंकार करना भी गलत है

सर्वोच्च न्यायालय का चुनाव के दौरान चुनावी आदर्श आचार संहिता (एससीसी) लागू होने के बाद मतदाताओं को सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा सीधे कैश ट्रांसफर, भारतीय चुनाव आयोग का इस तरह से चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर आंखें मूंद लेना, और मतदान के दिन लाभार्थियों को चुनाव ड्यूटी पर लगाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इंकार करना अनुचित है क्योंकि इसमें पहचानने योग्य कानूनी कमजोरियां हैं और साथ ही राजनीतिक रंग भी, जिसने एक याचिकाकर्ता राजनीतिक पार्टी को चुनाव में उसकी विफलता के लिए उपहासपूर्ण टिप्पणी की, जबकि आरोप के गुण-दोष में जाए बिना इसे न सुनने के लिए एक आधार बनाया भी बनाया।

शुक्रवार (6 फरवरी) को जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा स्थापित जन सुराज पार्टी (जेएसपी) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई से इंकार करते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द



करने और सत्तारूढ़ प्रतिष्ठानों द्वारा चुनाव जीतने के लिए अपनाई गई भ्रष्ट प्रथा को रोककर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उचित दिशानिर्देश बनाने और समुचित निर्देश देने की मांग की थी।

सबसे परेशान करने वाली बात मुख्य न्यायाधीश की राजनीतिक टिप्पणी थी, 'आपकी राजनीतिक पार्टी को कितने वोट मिले? लोग आपको खारिज करते हैं और आप लोकप्रियता पाने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करते हैं। ... हम पूरे राज्य के लिए एक साथ निर्देश जारी नहीं कर सकते, वह भी किसी राजनीतिक पार्टी की पहल पर।' जेएसपी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 10,000 रुपये हस्तांतरित करके चुनावी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली लॉन्च किया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि कर्ज में डूबे राज्य ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 का उल्लंघन करते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 15,600 करोड़ रुपये बांटे।

हम जानते हैं कि जेएसपी एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसके ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, लेकिन यह भी सच है कि जेएसपी को 16 लाख से ज्यादा वोट मिले, जो कुल डाले गए वैध मतों का 3.34 प्रतिशत था। इसका मतलब है कि जेएसपी राज्य के इतने सारे लोगों की आवाज है, और इसलिए इसे यूं ही खारिज नहीं किया जा सकता।

याचिकाकर्ता की चुनावी विफलता और पब्लिसिटी की कथित तलाश के बारे में कोर्ट की बात में और भी कमियां हैं, जैसे कि संवैधानिक न्यायशास्त्र चुनावी सफलता को कानूनी हैसियत के लिए एक मानदंड के रूप में नहीं मानता, या विफलता को न्याय मांगने के अधिकार की जब्ती के रूप में भी नहीं मानता। ऐतिहासिक रूप से, कई बड़े संवैधानिक मामले उन लोगों द्वारा लाए गए थे जो राजनीतिक रूप से हाशिये पर थे।

इसलिए, किसी कानूनी याचिका की स्वीकार्यता तय करते समय याचिकाकर्ता की चुनावी लोकप्रियता को तौलना, संवैधानिक न्यायनिर्णय में एक व्यक्तिपरक और गैर-कानूनी मानक लाने का जोखिम है। न्यायपालिका से उम्मीद की जाती है कि वह दावों पर फैसला करे, न कि इरादों पर। कोर्ट मामले का गुणदोष सुने बिना इरादे के बारे में कैसे फैसला कर सकता है? राजनीतिक रूप से असफल पार्टियों को भी चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसे मुद्दे उठाने का अधिकार है, क्योंकि वे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव को नष्ट करते हैं और जिससे सभी राजनीतिक पार्टियों को चुनाव मैदान में समान अवसर नहीं मिलता और वे इस गड़बड़ी के शिकार होते हैं।

कोर्ट की दूसरी टिप्पणियों के बारे में आलोचकों ने एक और टिप्पणी पर सवाल उठाया है जैसे कि 'किसी को तो उस योजना को ही चुनौती देनी चाहिए थी। वह हमारी प्रार्थना नहीं है। आप बस चुनाव को रद्द घोषित करवाना चाहते हैं,' मुख्य न्यायाधीश ने कह यह भी जोड़ते हुए, 'हम मुफ्त की चीड्रों के मुद्दे पर विचार करेंगे। लेकिन हमें नेक इरादे भी देखने होंगे... हम किसी ऐसी पार्टी के कहने पर ऐसा नहीं कर सकते ।

# जंगल कैसे बचाते हैं पातालकोट के भारिया?

**बाबा मायाराम**

**तामिया** के पास पातालकोट प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटकों की पसंदीदा जगह है। गहराई में बसा यह इलाका जंगल और पहाड़ से घिरा है। यहां मुख्यतः गोंड और भारिया आदिवासी रहते हैं, जो पीढ़ियों से परंपरागत देसी बीजों के साथ खेती करते आ रहे हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे परंपरागत बीज लुप्त होने के कगार पर हैं। यहां कुछ समय पहले निर्माण संस्था ने देसी बीज बचाने की कोशिश की है।



मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में आने वाला पातालकोट, सतपुड़ा की पहाड़ियों के बीच स्थित है। पाताल की तरह गहराई वाली जगह और कोट यानी दुर्ग, दीवारों से घिरी है, यही है पातालकोट। यहां दीवार का अर्थ पहाड़ों से घिरा हुआ है और इसी गहराई में बसे हुए हैं 12 गांव और उनके ढाने यानी मोहल्ले। यहां भारिया आदिवासियों का निवास है, मैं यहां कई बार गया हूं। इस कॉलम में आप से बात करना चाहता हूं कि कैसे रहते हैं, कैसे खेती करते हैं और प्रकृति के साथ उनका रिश्ता क्या है, जिससे हम उनकी सरल व सहज जीवनशैली समझ सकें। तामिया के पास पातालकोट प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटकों की पसंदीदा जगह है। गहराई में बसा यह इलाका जंगल और पहाड़ से घिरा है। यहां मुख्यतः गोंड और भारिया आदिवासी रहते हैं, जो पीढ़ियों से परंपरागत देसी बीजों के साथ खेती करते आ रहे हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे परंपरागत बीज लुप्त होने के कगार पर हैं। यहां कुछ समय पहले निर्माण संस्था ने देसी बीज बचाने की कोशिश की है।

मुझे यहां कई बार जाने का मौका मिला है। एक बार मुझे स्कूली बच्चों के साथ जंगल में पेड़ पौधे, खाद्य पदार्थ जानने-पहचानने और वन खाद्य चखने का मौका मिला मिला। कोदो का भात, और जंगली हरी पत्तीदार भाजियां भोजन में शामिल थीं। हम बच्चों के साथ जंगल में घूमे थे। साथ में गांव के अनुभवी बुजुर्ग थे, जो पेड़-पौधे से स्थानीय नाम व उनके गुणधर्म बता रहे थे। इससे बच्चों को उनके आसपास के जंगल और जैव विविधता को जानने का मौका मिल रहा था। निर्माण संस्था के नरेश विश्वास ने बहुत मेहनत से वन खाद्यों के बारे में कुछ पुस्तिकाएं भी प्रकाशित की हैं।

इसी प्रकार, मुझे यहां एक जैव-विविधता प्रदर्शनी में शामिल होने का मौका मिला था। यह निर्माण संस्था द्वारा आयोजित थी, जो इस इलाके में देशी बीजों की जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इस प्रदर्शनी में कई तरह के अनाज जैसे तुअर दाल, डोंगरा सावां, भदेली, बेउरी, कोदो, मडिया, करिया कंगनी, कुसमुसी,जगनी, ज्वार, सिकिया, रजगिरा, बाजरा, काली कुरथी, दूधिया मक्का थे। इसके अलावा, बल्लर, बरबटी, लौकी, गिलकी, लाल सेमी इत्यादि के बीज शामिल थे। इन अनाजों से कई तरह के व्यंजन बनाकर भी टेबल पर सजाए गए थे। जैसे कुटकी पापड़, सावां चटली, कोदो पापड़ी, मड़िया पापड़ी, मड़िया सेव, कोदो चाटला, बाजरा के बड़े, महुआ हलवा, सावां के लड्डू, कोदो के लड्डू, ज्वार के लड्डू, महुआ का भुरका, कोदो पुलाव, कुटकी खीर, सावां की खिचड़ी, ज्वार का भात, मड़िया का हलवा इत्यादि।

गैलडुब्बा गांव की महिलाओं ने बतलाया था कि, 'यहां की जमीन पथरीली है, इसलिए इसमें कुटकी, सांवा, मक्का, बाजरा और कांग की फसल होती हैं।

# राजेश कुमार पाण्डेय बने सेना में लेफ्टिनेंट परिजनों व क्षेत्र में खुशी की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर । बल्दीराय** तहसील अंतर्गत विकास खंड धनपतगंज के पूरे पंडित आचार्य वडनपुर निवासी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर पदोन्नति प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सुल्तानपुर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।बताया जाता है कि राजेश कुमार पाण्डेय वर्ष 1996 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। तब से लेकर अब तक वे निरंतर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और कठिन परिश्रम के साथ देश सेवा में



समर्पित रहे। उनकी यही निष्ठा और लगन उन्हें अफसर के पद तक ले गई।राजेश कुमार पाण्डेय एक देशभक्त परिवार से आते हैं। वे स्व.दशरथ प्रसाद पाण्डेय के पांच पुत्रों में पांचवें नंबर पर हैं। उनके परिवार का राष्ट्र सेवा से गहरा नाता रहा है।परिवार के सबसे बड़े भाई हनुमान प्रसाद पाण्डेय उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

दूसरे भाई द्वारिका प्रसाद पाण्डेय खेती-किसानी के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं।तीसरे भाई लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय सेना पुलिस में रहते हुए वर्ष 2004 में जम्मू-कश्मीर में देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे।चौथे भाई कृष्ण कुमार पाण्डेय वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में दीवान के पद पर कार्यरत हैं,जबकि सबसे छोटे भाई सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान में लेफ्टिनेंट राजेश कुमार पाण्डेय की तैनाती 165 फील्ड रेजीमेंट,11 आर्टी ब्रिगेड,गुजरात में है।

# करौंदीकला ब्लॉक प्रमुख प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । करौंदीकला** ब्लॉक प्रमुख विनोद गौतम के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्वाचित निकाय के कार्यकाल के अंतिम चरण में अनावश्यक राजनीतिक अस्थिरता पैदा करना जनहित के विपरीत है।साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि आगे किसी प्रकार की कार्रवाई की आवश्यकता है या नहीं, इसका अंतिम निर्णय अब जिलाधिकारी सुलतानपुर कानून, संख्याबल और मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए करेंगे। इस निर्णय के बाद फिलहाल ब्लॉक प्रमुख विनोद गौतम की कुर्सी बरकरार मानी जा रही है।क्या है पूरा मामला वर्ष 2021 में निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख विनोद गौतम के विरुद्ध जुलाई 2024 में 48 में से 36 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर से अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। नियमानुसार कुल सदस्यों के आधे से अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है।हालांकि प्रस्ताव प्रस्तुत होने के कुछ ही दिनों बाद 12 सदस्यों ने हलफनामा देकर अपने हस्ताक्षरों से इंकार किया और समर्थन वापस लेने की बात कही।

# मेडिकल कॉलेज में वृक्ष लगाकर शुद्ध पर्यावरण का मुख्य चिकित्साधिक्षक ने दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । प्रत्येक** व्यक्ति को जीवन में कम से कम दो-चार वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, जिससे आपकी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध पर्यावरण का संकट न झेलना पड़े उक्त बाते मेडिकल कॉलेज/जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज परिसर में बरगद का वृक्ष रोपित करते समय मौजूद विभागीय कर्मियों से कही,वृक्षारोपण करने से पहले सीएमएस डां.आरके मिश्रा द्वारा स्वशासी राजकीय महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया,



तथा साफ-सफाई के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया,उक्त अवसर डां.जीसी पाठक, मैनेजर आशीष सिंह, वरि.एलटी विजय चौधरी,स्टाफ नर्स संगीता मिश्रा,रेनू,फार्मासिस्ट अनुराग गुप्ता सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया केंद्रीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल ने बुधवार को ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा में निमार्णाधीन केंद्रीय विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। यहां सीडीओ ने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि केंद्रीय विद्यालय का नया भवन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) प्रयागराज द्वारा निर्मित किया जा रहा है। विभाग के जूनियर इंजीनियर ने बताया कि वर्तमान में निर्माण स्थल पर 112 मजदूर कार्यरत हैं, जो मौके पर कार्य करते हुए भी पाए गए। बताया कि निर्माण कार्य की निर्धारित पूर्णता तिथि जनवरी 2027 है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्य की दैनिक प्रगति की फोटोग्राफ प्राप्त कर नियमित रूप से अवगत कराएं। इस मौके पर मॉनिटरिंग कमेटी की सदस्य व राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ की (सिविल इंजीनियरिंग) प्रवक्ता उर्वशी कश्यप, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के जूनियर इंजीनियर मनीष केशरवानी, केंद्रीय विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक (कंप्यूटर साइंस) राजेश कुमार मौर्य, प्राचार्या स्नेह लता आदि मौजूद रहे।

# आरटीई के तहत प्रवेश के लिए तीन चरणों में आवेदन प्रक्रिया शुरू, 29 मार्च तक पूर्ण होगी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिलाए जाने के संबंध में प्रभावी रणनीति तैयार की गई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा ने बताया कि विगत दिनों हुई जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में उच्चाधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यालयों पर बैनर एवं होर्डिंग्स भी लगाए गए हैं। बताया कि इस बार इसमें तीन चरणों में आवेदन होंगे। प्रथम चरण के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 16 फरवरी तक है। साथ ही आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं लॉक करने की तिथि भी 16 फरवरी नियत है। प्रथम चरण की लॉटरी तिथि 18 फरवरी व प्रवेश की तिथि 20 फरवरी निर्धारित की गई है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 फरवरी से 7 मार्च निर्धारित की गई है। यह अवधि आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं लॉक करने के लिए भी निर्धारित की गई है। द्वितीय चरण की लॉटरी तिथि 9 मार्च एवं प्रवेश की तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। इसके अलावा तृतीय चरण की ऑनलाइन आवेदन की तिथि 12 से 25 मार्च निर्धारित की गई है। इसी अवधि में आवेदन पत्रों को सत्यापन एवं लॉक किया जाएगा। तृतीय चरण की लॉटरी तिथि 27 मार्च एवं प्रवेश की तिथि 29 मार्च होगी।

बताया कि इसमें अलाभित समूह में शासन की अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग बच्चे, एचआईवी-कैंसर पीड़ित माता-पिता के बच्चे तथा निराश्रित एवं बेघर बच्चे आवेदन कर सकते हैं। बताया कि दुर्बल वर्ग में वे अभिभावक शामिल हैं, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम एक लाख रुपये तक है। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्ड धारक, ग्राम विकास विभाग की सूची में सम्मिलित परिवार, दिव्यांगता, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन प्राप्त करने वाले अभिभावकों के बच्चे भी पात्र होंगे।

इसमें ऑनलाइन आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो तथा निवास के के लिए कोई एक साक्ष्य अनिवार्य है। साथ ही बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी हुआ हो। बताया कि प्रवेश शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में दिया जाएगा, जो कक्षा आठ तक मान्य रहेगा। इच्छित विद्यालय निवास प्रमाण पत्र में अंकित पते के संबंधित वार्ड या ग्राम पंचायत की परिधि में होना चाहिए। लाभार्थी वेबसाइट पर अथवा किसी भी जन सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# चित्रकूट के लाल का कमाल : एथलीट सत्यम ठाकुर ने मुरैना में जीता सिल्वर

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** बुंदेलखंड की धरती प्रतिभाओं से खाली नहीं है और इस बात को एक बार फिर सच कर दिखाया है चित्रकूट जिले के उभरते हुए एथलीट सत्यम ठाकुर ने। मध्य प्रदेश के मुरैना स्थित भीम राव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सत्यम ने अपनी रफ्तार का लोहा मनवाते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

रामबरन ठाकुर के पुत्र सत्यम ने 400 मीटर दौड़ में चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। बेहद कड़े मुकाबले में सत्यम ने अपनी मेहनत और जुनून के दम पर सिल्वर मेडल (रजत पदक) अपने नाम किया। मैदान पर उनकी इस शानदार परफॉरमेंस को देखकर वहां मौजूद दर्शकों और कोचों ने उनकी जमकर सराहना की। सत्यम की इस जीत से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि चित्रकूट के खेल प्रेमियों में भी भारी उत्साह है। यह मेडल इस बात का प्रमाण है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो संसाधन बाधा नहीं बनते। सत्यम अब गोल्ड मेडल के लक्ष्य के साथ अपनी अगली तैयारी में जुट गए हैं।

# मऊ में सड़क चौड़ीकरण के लिए एसडीएम ने हटवाएं अवैध कब्जे

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में मंडौर चैराहे से टिकरा टोला रोड होते हुए महिला पुल तक जाने वाले मार्ग पर सड़क चैड़ीकरण के लिए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह अभियान उप जिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन के नेतृत्व में चलाया गया।

अभियान के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे बने अवैध निर्माण, मकान एवं अन्य अतिक्रमणों को हटाया गया। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान सड़क के दोनों ओर नालो के निर्माण एवं मार्ग के चैड़ीकरण कार्य को सुगम बनाने के लिए चलाया गया है। अतिक्रमण हटने के बाद महिला पुल की ओर जाने वाले वाहनों को भीड़ व कम जगह की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। यह विशेष अभियान नगर पंचायत की टीम ने उप जिलाधिकारी के साथ मिलकर चलाया। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से इस मार्ग के चैड़ीकरण की मांग की जा रही थी। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी है। साथ ही अतिक्रमण न हटाने वालों के विरुद्ध जुमार्ना लगाते हुए विधिक कार्रवाई करने व अतिक्रमण को बलपूर्वक हटाने की बात कही है।

## एम.आर. टीकाकरण अभियान : 16 से 27 फरवरी तक स्कूल आधारित सत्र आयोजित

**चित्रकूट।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वह कक्षा एक से कक्षा पांच तक के सभी बच्चों को खसरा-रूबेला (एम.आर.) का टीका अनिवार्य रूप से लगवाएं, चाहे उनका पूर्व में टीकाकरण किया जा चुका हो। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी एवं निःशुल्क है। आईएमए के पदाधिकारियों ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष हजारों बच्चों की मृत्यु ऐसी बीमारियों से हो जाती है, जिनसे समय पर टीकाकरण के माध्यम से बचाव संभव है। विगत कुछ वर्षों में प्रदेश में खसरा एवं रूबेला के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश के 45 जनपदों में स्कूल आधारित खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद चित्रकूट में यह विशेष अभियान 16 से 27 फरवरी तक संचालित होगा। इस दौरान नजदीकी सरकारी विद्यालयों, मदरसों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। आईएमए के सदस्यों ने जनपद के समस्त अभिभावकों, शिक्षकों एवं नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बच्चों का टीकाकरण कराएं तथा उन्हें गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने में सहयोग दें।

# जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में 1190.84 लाख की लागत से सिंथेटिक रनिंग ट्रैक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनपदवासियों एवं खेल प्रेमियों की सुविधा के दृष्टिगत शासन ने जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए कुल 1190.84 लाख रुपये प्रदान किए है। बताया कि निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्था सी. एंड डी.एस. जल निगम बांदा को नामित किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित सिंथेटिक रनिंग ट्रैक 400 मीटर लंबा होगा तथा इसमें कुल आठ लेन होंगी। ट्रैक के बाहरी हिस्से में 2.5 मीटर चैड़ाई में इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ट्रैक के चारों ओर चैनलिंक फेंसिंग, जल निकासी व्यवस्था एवं मिट्टी भराई सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी किए जाएंगे। इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक के निर्माण से जनपद के खिलाड़ियों को प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अन्य जनपदों या शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। यह परियोजना जनपद के खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## ग्राम पंचायत करौंदी कला में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चित्रकूट।** भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बीती नौ से 13 फरवरी तक चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत रामनगर ब्लाक के करौंदी कला गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने ग्रामीण खाता धारकों बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।जागरूकता कार्यक्रम में एलडीएम अनुराग शर्मा ने ग्रामीणों को बीमा योजनाओं, पेंशन योजनाओं, ई-केवाईसी प्रक्रिया, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साइबर सुरक्षा सतर्कता के विषय में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय समझाए। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लेकर बैंकिंग सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) के आर. जनार्दन, शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, ग्राम प्रधान अरुण कुमार मिश्र, समाजसेवी निर्मल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# शादी से पहले युवती प्रेमी संग भागी:पिता ने अपहरण का केस दर्ज कराया, प्रयागराज जाकर की शादी

**चित्रकूट।** चित्रकूट में शादी की रस्मों से ठीक पहले एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के पिता ने प्रेमी सहित तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। वहीं, युवती ने एक वीडियो जारी कर परिजनों पर जबरन शादी कराने और प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के छपरा माफी गांव की है। यहां की 25 वर्षीय दिव्या की शादी मानिकपुर के नागर गांव निवासी धनंजय से तय हुई थी। बारात 12 फरवरी को आनी थी और 10 फरवरी से शादी की रस्में शुरू होनी थीं। घटना 9 फरवरी की है। दिव्या के पिता उसे और उसकी छोटी बहन को सीतापुर कस्बे के अपूर्वा ब्यूटी पार्लर ले गए थे। दिव्या अपना मेकअप कराने के बाद बाहर निकली, जबकि उसकी बहन अंदर मेकअप करा रही थी। इसी दौरान दिव्या अपने प्रेमी आदित्य सिंह चौहान के साथ एक गाड़ी में बैठकर चली गई। पिता ने दिव्या को भागते हुए देखा और रोकने के लिए बाहर भागे, लेकिन तब तक वह जा चुकी थी। इसके बाद पिता ने कर्वी कोतवाली में प्रेमी आदित्य सिंह चौहान, शिवेंद्र और गरिमा दीक्षित के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। उधर, युवती दिव्या शुक्ला ने अपने प्रेमी आदित्य सिंह चौहान के साथ गाड़ी में बैठकर एक वीडियो जारी किया। इसमें उसने स्वेच्छा से भागने की बात कही और परिजनों पर बड़े उम्र के लड़के से जबरदस्ती शादी कराने तथा प्रताड़ना का आरोप लगाया। दिव्या ने बताया कि उसने प्रयागराज में आर्य समाज के रीति-रिवाज से आदित्य सिंह चौहान से शादी कर ली है। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत कानपुर से लौटते समय हुआ हादसा

**चित्रकूट।** चित्रकूट में झांसी-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। भरतकूप थाना क्षेत्र के गोंडा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से यह दुर्घटना हुई। युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी जान चली गई।



मृतक की पहचान कर्वी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी 33 वर्षीय सलमान अहमद के रूप में हुई है। वह कानपुर में एयरटेल कंपनी में कार्यरत था। मंगलवार को सलमान ट्रेन से कानपुर से बांदा पहुंचे थे और वहां से बाइक द्वारा झांसी-मीरजापुर हाईवे के रास्ते अपने घर चित्रकूट लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे गोंडा मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सलमान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, हेलमेट न होने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना मिलते ही भरतकूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

हादसे के बाद परिजनों में शोक की लहर है। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर निकलते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि ऐसे हादसों में

# सरधुवा में खनन पट्टे की जांच, अवैध खनन पर 50.30 लाख रुपये जुर्माना

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर बीती शाम जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों ने तहसील राजापुर के ग्राम सरधुवा में खनन कार्य के लिए स्वीकृत क्षेत्र की जांच की। यह क्षेत्र मे. एम.एम. कंस्ट्रक्शन प्रो. जाफरी बानो निवासी हरचंदपुर, देनदा, साई, धाता, खागा जनपद फतेहपुर को बीती 14 नवंबर 2025 से आगामी 13 मई 2026 तक छह माह की अल्पावधि के लिए स्वीकृत है।

खनन पट्टे के लिए स्वीकृति क्षेत्र की जांच के दौरान खनन अनुज्ञाधारक द्वारा नदी की जलधारा में कोई खनन कार्य होते नहीं पाया गया। टीम द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनन होते पाए जाने पर एक पोकलैन मशीन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। साथ ही खनन अनुज्ञाधारक के विरुद्ध 50.30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा सरधुवा-राजापुर मार्ग पर उपखनिज बालू-मोरम का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रक के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजापुर फूलचन्द्र यादव, खान अधिकारी रणधीर सिंह, खान निरीक्षक मंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपद, तहसील एवं थाना स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को खनन क्षेत्रों में निरंतर गश्त करने तथा अवैध खनन या परिवहन होते पाए जाने पर सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जापान में साने ताकाइची की प्रचंड जीत, हमारी वैश्विक साझेदारी और मजबूत होगी

**जापान**

**जापान** की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने रविवार को हुए आम चुनाव में प्रतिनिधि सभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है, जिससे प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची को अपनी रूढ़िवादी नीतियों को आगे बढ़ाने का निर्णायक जनादेश मिल गया है। 465 सदस्यीय निचले सदन में 310 सीटों के दो-तिहाई बहुमत को पार करने से एलडीपी को संवैधानिक संशोधन करने और ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) द्वारा अस्वीकृत किए जाने पर भी विधेयक पारित करने की अनुमति मिल गई है, जहां सत्तारूढ़ गठबंधन अल्पमत में है। क्योटो न्यूज के अनुसार, एलडीपी युद्धोत्तर जापान में इतना बहुमत हासिल करने वाली पहली पार्टी है।
इस शानदार जीत से पार्टी की चुनाव-पूर्व 198 सीटों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और इसका श्रेय व्यापक रूप से ताकाइची की व्यक्तिगत लोकप्रियता को दिया गया है। एलडीपी और उसके गठबंधन सहयोगी,




जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी), मिलकर सदन में एक मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिससे अक्टूबर में पदभार संभालने के बाद ताकाइची की स्थिति और मजबूत होगी। क्योटो न्यूज के अनुसार, जीत की घोषणा के बाद एक टेलीविजन कार्यक्रम में ताकाइची ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों को लगातार पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह मौजूदा मंत्रिमंडल को काफी हद तक बरकरार रखेंगी, जिसे चार महीने से भी कम समय पहले गठित होने के बाद से जनता का अपेक्षाकृत मजबूत समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची को उनकी सत्तारूढ़ गठबंधन की जापान की संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) के चुनाव में संभावित ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-जापान के संबंध वैश्विक शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और यह मजबूत विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से संभव हो पाता है।
एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने ताकाइची को उनकी संभावित ऐतिहासिक चुनावी जीत पर बधाई दी और उस साझेदारी के महत्व को दोहराया जिसने अगले दशक के लिए आठ वैश्विक प्रयासों की रूपरेखा तैयार की है। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में कहा कि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के चुनाव में आपकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई, सनाए ताकाइची! हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# एपस्टीन कनेक्शन का दाग, गंवाना पड़ा राजदूत का पद

**ब्रिटेन**

**बदनाम** अपराधी जेफ्री एपस्टीन की काली परछाईं उसकी मौत के सालों बाद भी बड़े-बड़े दिग्गजों का पीछा नहीं छोड़ रही है। ताजा मामला नॉर्वे का है, जहाँ की मशहूर राजदूत मोना जूल को एपस्टीन से रिश्तों के चलते अपना पद छोड़ना पड़ा है। मोना जूल कोई मामूली डिप्लोमैट नहीं थीं। वो इजरायल, ब्रिटेन और वठ में नॉर्वे की राजदूत रह चुकी हैं। सबसे बड़ी बात ये कि 90 के दशक में इजरायल-फिलिस्तीन के बीच हुए मशहूर 'ओस्लो समझौते' में उनकी बहुत बड़ी भूमिका थी।
इस स्कैंडल की लपेट में और कौन-कौन है?
यह मामला सिर्फ नॉर्वे तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे यूरोप में हड़कंप मचा हुआ है:
ब्रिटेन में भी हलचलः ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ, मॉर्गन मैक्स्वीनी ने भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गलती



मानी कि उन्होंने पीटर मेंडलसन को अमेरिका का राजदूत बनाने की सलाह दी, जबकि उनके भी एपस्टीन से रिश्ते जगजाहिर थे।
पति पर भी जांचः मोना जूल के पति तेर्जे रोड-लार्सन (जो खुद एक बड़े डिप्लोमैट हैं) भी एपस्टीन से संबंधों के लिए माफी मांग चुके हैं। अब सरकार उस थिंक टैंक (क्ढक) की फंडिंग की भी जांच कर रही है, जिसे वो चलाते थे।
राजकुमारी ने मांगी माफीः नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेट-मैरिट ने भी एपस्टीन से मिलने के लिए एक बार फिर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है।
फिलहाल अगर बात की जाए मोना जूल की तो इस सप्ताह की शुरूआत में नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार द्वारा जारी की गई फाइलों के एक विशाल संग्रह में एपस्टीन से जुड़े संबंधों की आंतरिक जांच लंबित रहने तक जूल को जॉर्डन और इराक में राजदूत के पद से निलंबित कर दिया था।

# फ्रांस से घातक खोपड़ी मिसाइलें खरीदने जा रहा भारत

**फ्रांस**

**भारत** और फ्रांस के बीच एक बहुत बड़ी डिफेंस डील होने वाली है, जो हमारे दुश्मनों की नींद उड़ाने के लिए काफी है। पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' में अपनी ताकत दिखाने के बाद, अब भारतीय वायुसेना करीब 300 मिलियन यूरो (लगभग 2,700 करोड़ रुपये) की लागत से SCALP लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें खरीदने की तैयारी में है।
'ऑपरेशन सिंदूर' में मचाई थी तबाहीः पिछले साल 6-7 मई की रात को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। यह 2019 के बालाकोट स्ट्राइक के बाद सबसे बड़ा सीमा पार हमला था।
निशाने पर आतंकीः इन मिसाइलों को राफेल विमानों से दागकर पाकिस्तान के




मुरीदके और बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के हेडक्वार्टर को तबाह किया गया।
एयरबेस पर हमलाः सिर्फ आतंकी ठिकाने ही नहीं, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 12 बड़े एयरबेस पर मौजूद फाइटर जेट्स और जासूसी विमानों को भी निशाना बनाया।
क्या है SCALP मिसाइल की खासियत?
SCALP (जिसे 'स्टॉर्म शैडो' भी कहते हैं) एक ऐसी मिसाइल है जो हवा से जमीन पर मार करती है। इसकी खूबियां कुछ ऐसी हैं कि यह 250 किलोमीटर से ज्यादा दूर बैठे दुश्मन को एकदम सटीक तरीके से खत्म कर सकती है।
इसे खास तौर पर जमीन के अंदर बने बंकरों, कमांड सेंटर और गोला-बारूद के डिपो को उड़ाने के लिए बनाया गया है।
राडार से बचाव के लिए यह बहुत कम ऊंचाई पर उड़ती है, जिससे दुश्मन के राडार इसे पकड़ नहीं पाते।
रॉकस्टार बनेगा 'राफेल'
भारत सिर्फ मिसाइलें ही नहीं, बल्कि अपनी पूरी वायुसेना की ताकत को नया रूप दे रहा है:
मिसाइलों की खेपः SCALP के साथ-साथ हवा से हवा में मार करने वाली 'मिट्योर' (टीडीङ्ग१) मिसाइलें भी बड़ी संख्या में मंगवाई जा रही हैं।
26 राफेल मरीनः भारतीय नौसेना के लिए भी 26 राफेल विमान आने वाले हैं, जो अगले 3-4 सालों में बेड़े में शामिल होंगे।
114 नए राफेलः वायुसेना की योजना 114 और राफेल विमान खरीदने की है। आने वाले 10-15 सालों में भारत के पास करीब 200 राफेल विमान होंगे, जो हमारी वायुसेना की रीढ़ की हड्डी बनेंगे।
रक्षा अधिकारियों का कहना है कि इस डील पर जल्द ही आखिरी मुहर लग सकती है। यानी भारत की 'स्ट्राइक पावर' अब और भी घातक होने वाली है।

# ईरान में कुछ बड़ा होने वाला है?



**ईरान**

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को सेना और वायु सेना के कमांडरों के साथ वार्षिक बैठक में भाग नहीं लिया, जो पिछले 37 वर्षों में पहली बार हुआ है। हालांकि, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ अब्दोलरहीम मूसावी ने बैठक में भाग लिया। खामेनेई 1989 में सर्वोच्च नेता बनने के बाद से हर साल इसी दिन इस कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी इस परंपरा को नहीं तोड़ा। यह वार्षिक बैठक 8 फरवरी, 1979 की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की जाती है, जब वायु सेना के अधिकारियों के एक समूह ने इस्लामी गणराज्य के संस्थापक और खामेनेई के पूर्ववर्ती सर्वोच्च नेता रुहोल्लाह खुमैनी के प्रति निष्ठा की शपथ ली थी। अगले चार दशकों में, यह दिन एक प्रतीकात्मक आयोजन बन गया, जिसमें वायु सेना के कर्मी और कमांडर हर साल इसी तारीख को ईरान के धार्मिक नेतृत्व से मिलते थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष, खामेनेई के बजाय, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अब्दोलरहीम मूसावी ने रविवार को सेना और वायु सेना के कमांडरों से मुलाकात की।
खामेनेई की अनुपस्थिति ऐसे समय में हुई है जब तेहरान और वाशिंगटन के बीच तनाव बढ़ गया है, अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है और इस्लामिक गणराज्य पर संभावित अमेरिकी सैन्य हमले का खतरा मंडरा रहा है। खामेनेई की अनुपस्थिति को सर्वोच्च नेता द्वारा संभावित खतरों से बचने या राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में व्यस्त होने के रूप में देखा जा रहा है।
ईरान को जून 2025 जैसे हमले का डर सता रहा है। 19 जून, 2025 को ट्रंप ने पत्रकारों से कहा था कि वे अगले दो हफ्तों के भीतर हमले का फैसला करेंगे।

# एक साथ 20 महिलाएं प्रेग्नेंट!



**न्यूयॉर्क**

**जेफ्री** एपस्टीन भले ही न्यूयॉर्क की जेल में मर चुका है, लेकिन उसकी मौत के सालों बाद भी उसके बारे में ऐसी बातें सामने आ रही हैं जिन्हें सुनकर सिर चकरा जाए। एपस्टीन सिर्फ एक बदनाम फाइनेंसर नहीं था, बल्कि उसका एक बेहद अजीब और डरावना सपना था–'सुपर ह्यूमन्स' यानी खास तरह के इंसान पैदा करना।
2019 की एक न्यूयॉर्क टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, एपस्टीन चाहता था कि उसके न्यू मैक्सिको वाले विशाल 'जोरो रेंच' का इस्तेमाल महिलाओं को प्रेग्नेंट करने के लिए किया जाए। उसका मकसद था कि वहां उसके स्पर्म के जरिए बच्चे पैदा हों और पूरी दुनिया में उसका DNA फैल जाए।
नासा के एक वैज्ञानिक ने बताया कि एपस्टीन का प्लान एक बार में कम से कम 20 महिलाओं को प्रेग्नेंट रखने का था। रिपोर्ट कहती है कि एपस्टीन के अमीर दोस्तों और वैज्ञानिकों के ग्रुप में यह कोई छिपी हुई बात नहीं थी। उसने कई बार अपनी पार्टियों और मीटिंग्स में इस बारे में खुलकर बात की थी। एपस्टीन ने पहली बार वैज्ञानिकों और अमीर साथियों को अपने न्यू मैक्सिको रेंच पर 'इंसानी नस्ल' को आगे बढ़ाने के प्लान के बारे में बताना शुरू किया।
2001ः न्यूयॉर्क के मैनहट्टन टाउनहाउस में एक डिनर के दौरान, एपस्टीन ने एक वैज्ञानिक के सामने अपने इस अजीब विजन का जिक्र किया।
2006ः सेंट थॉमस में एक कॉन्फ्रेंस के दौरान, उसने फिर से 'BÔby RÔ»»fch' के आइडिया पर चर्चा की।
2019ः न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट ने खुलासा किया कि कैसे एपस्टीन ने जॉर्ज एम. चर्च जैसे बड़े वैज्ञानिकों के साथ मिलकर 'सुपीरियर ह्यूमन्स' बनाने के सपने को सच करने की कोशिश की थी।
क्यों करना चाहता था वो ऐसा?
एपस्टीन 'ट्रांसह्यूमनलिज्म' नाम की एक सोच से काफी प्रभावित था।

# उत्तरी नाइजीरिया में भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित ट्रक पलटने से 30 लोगों की दर्दनाक मौत

**नाइजीरिया**

**उत्तरी** नाइजीरिया के कानो राज्य में रविवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यात्रियों और सामान से लदा एक ट्रक राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने इस घटना की पुष्टि करते हुए इसे राज्य के लिए एक बड़ी क्षति बताया है।
कानो के गवर्नर के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने



कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक से नियंत्रण खो दिया जिससे कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई।
ट्रक रविवार तड़के कानो के गुजुंगु कस्बे की ओर कुछ यात्रियों और सामान को ले जा रहा था तभी वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कानो के गवर्नर अब्बा कबीर यूसुफ के प्रवक्ता सुनुसी बतुरे दावाकिन तोफा द्वारा जारी बयान के अनुसार, कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बयान में कहा गया, ह्यह्यगवर्नर ने इस घटना को हृदयविदारक और न केवल प्रभावित परिवारों बल्कि पूरे कानो राज्य के लोगों के लिए एक बड़ी क्षति बताया।

# सुपर बाउल में बैड बनी के शो पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप , कहा- यह अमेरिका का अपमान है

**अमेरिका**

**सुपर** बाउल एलएक्स का हाफटाइम शो खत्म होते ही अमेरिका की राजनीति और मनोरंजन की दुनिया में हलचल मच गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मशहूर लैटिन सिंगर बैड बनी के प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया दी और इसे अमेरिका की छवि के खिलाफ बताया।
बता दें कि ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह हाफटाइम शो बेहद खराब था और अब तक के सबसे कमजोर प्रदर्शनों में से एक रहा। उनके मुताबिक यह न तो अमेरिका की सफलता को दर्शाता है और न ही रचनात्मकता या उत्कृष्टता के मानकों पर खरा उतरता है।
गौरतलब है कि ट्रंप ने बैड बनी पर निशाना साधते हुए कहा कि आम दर्शक उनके गीतों को समझ ही नहीं पाते और डांस स्टेप्स बच्चों के लिए अनुचित हैं। उन्होंने इसे पूरे देश के लिए अपमानजनक बताते हुए कहा कि ऐसा शो उस अमेरिका की पहचान नहीं हो सकता, जो हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है, चाहे वह शेयर बाजार हो या रिटायरमेंट फंड्स हों।
ट्रंप यहीं नहीं रुके और एनएफएल की नई किकऑफ नियम व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि ह्यफेक न्यूजह्व इस शो की तारीफ करेगी, क्योंकि उसे असली दुनिया की समझ नहीं है।
मौजूद जानकारी के अनुसार, बैड बनी सुपर बाउल हाफटाइम में परफॉर्म करने वाले पहले स्पेनिश भाषा के लैटिन सोलो कलाकार रहे हैं। उनके शो में प्यूर्टो रिको की संस्कृति की झलक, कई डांस परफॉर्मेंस, रिकी मार्टिन और लेडी गागा के



गानों का इस्तेमाल और हालिया ग्रैमी अवॉर्ड भाषण की झलक भी शामिल रही हैं। शो के अंत में आतिशबाजी के जरिए प्यूर्टो रिको का झंडा दिखाया गया और बड़े स्क्रीन पर लिखा गया कि नफरत से ज्यादा ताकतवर सिर्फ प्यार है। यह संदेश बैड बनी के उस बयान से जुड़ा माना जा रहा है, जो उन्होंने हाल ही में ग्रैमी अवॉर्ड लेते समय दिया था।
गौरतलब है कि बैड बनी के चयन को लेकर पहले से ही आलोचना हो रही थी। ट्रंप ने इससे पहले एक इंटरव्यू में साफ कहा था कि उन्हें ऐसे कलाकार पसंद नहीं हैं और उनका मानना है कि ये चुनाव समाज में नफरत फैलाते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुपर बाउल में न जाने का फैसला कलाकारों की वजह से नहीं, बल्कि दूरी की वजह से था।
इस पूरे विवाद ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सुपर बाउल जैसे वैश्विक मंच पर कला, राजनीति और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए, जबकि प्रतिक्रियाएं लगातार बंटी हुई नजर आ रही है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# बांग्लादेश आम चुनाव से पहले सड़कों पर संग्राम, BNP-जमात की हिंसक झड़प में 40 से ज्यादा घायल

**बांग्लादेश**

**चुनाव** से ठीक पहले बांग्लादेश में हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। बांग्लादेश में आम चुनाव से महज 72 घंटे पहले ताजा हिंसा की घटना सामने आई है, जिसने पूरे चुनावी अभियान की नाजुक स्थिति को उजागर कर दिया।
बता दें कि देर रात बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के कार्यकताओं के बीच हुई झड़प में 40 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह हिंसा उस समय भड़की जब बीएनपी कार्यकताओं ने जमात पर एक कार्यक्रम के दौरान लोगों में नकद राशि बांटने का आरोप लगाया।
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बीएनपी समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे, जिसके बाद जमात ने भी अपने समर्थकों को जुटा लिया और मामला देखते ही देखते सड़क पर हिंसक टकराव में बदल गया। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब चुनाव प्रचार समाप्त होने में कुछ ही घंटे बचे हैं और 10 फरवरी की सुबह साढ़े सात बजे प्रचार थम जाना है।
गौरतलब है कि बीते छह हफ्तों में चुनावी हिंसा से जुड़ी घटनाओं में कई लोग घायल हो चुके हैं, जिससे मतदान से पहले तनाव लगातार बढ़ता दिख रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, टकराव की आशंका भी गहराती जा रही है।
12 फरवरी को होने वाला यह आम चुनाव बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के



नेतृत्व वाले गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। करीब 12.7 करोड़ मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह चुनाव इसलिए भी अहम है क्योंकि अगस्त 2024 में हुए जनआंदोलन के बाद शेख हसीना का 15 साल का शासन खत्म हुआ था और अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बाहर कर दिया गया है। कई मतदाताओं का कहना है कि यह एक दशक से अधिक समय में पहला ऐसा चुनाव है, जहां वास्तविक मुकाबले की उम्मीद दिखाई दे रही है। बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान ने दावा किया है कि उनकी पार्टी 300 में से 292 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और सरकार बनाने के लिए पर्याप्त समर्थन मिलने का भरोसा है।
वहीं अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने चुनाव को एक ह्लोकतांत्रिक उत्सवह्व बताते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान का वादा किया है। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक चेतावनी दे रहे हैं कि लगातार हो रही हिंसा से जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है।
यह चुनाव केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। गौरतलब है कि हालिया अशांति के चलते बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है और देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे संस्थानों से मदद लेनी पड़ी। साथ ही, चुनाव परिणाम क्षेत्रीय राजनीति को भी प्रभावित कर सकते हैं, जहां भारत, चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों की दिशा बदलने की संभावना जताई जा रही है।
युवा मतदाताओं के लिए यह चुनाव खास महत्व रखता है। पहली बार वोट डालने जा रहे कई युवाओं को उम्मीद है कि अगली सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत करेगी। जैसे-जैसे प्रचार के अंतिम घंटे नजदीक आ रहे हैं, देश एक ऐसे फैसले की ओर बढ़ रहा है जो आने वाले वर्षों की राजनीति और नीति तय कर सकता है।